# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–81 । सागर, शनिवार 10 मई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



विधायक, कलेक्टर ने किया एसडीएम कार्यालय का लोकार्पण पृष्ठ 3

- बैगाओं की खेती और उनका खान-पान
- 'चीनी' के जहर के खिलाफ अमेरिका की लड़ाई पृष्ठ 4

- भेसली गांव के 2 हजार लोग सिर्फ एक हैंडपंप के भरोसे पृष्ठ 6

लगुन कम लाने पर लड़के वालों ने लड़की वालों के साथ की मारपीट पृष्ठ 8


सीमावर्ती इलाकों में 36 स्थानों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया

# भारत ने पाकिस्तान के 4 सौ ड्रोन किए नाकाम







**नई दिल्ली, देशबन्धु।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी गोलीबारी और घुसपैठ की कोशिश की, जिसके जवाब में भारत ने संयम के साथ सटीक कार्रवाई की है।

- नागरिक विमानों की आड़ में पाक ने सैन्य हमले किए, भारत ने संयम के साथ की सटीक कार्रवाई
- पठानकोट, उरी, जम्मू और राजस्थान, पंजाब के कई शहरों में ब्लैक आउट

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी गई कि तंगधार, उरी और उधमपुर जैसे सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान की ओर से 36 स्थानों को निशाना बनाने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान ने करीब 300 से 400 ड्रोन्स से हमला किया था। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि इस हमले में तुर्की में निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल हुआ है। भारतीय वायुसेना ने तत्काल जवाबी कार्रवाई करते हुए एक ड्रोन काउंटर अटैक में पाकिस्तान की सर्विलांस रडार प्रणाली को पूरी तरह से तबाह कर दिया।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पाकिस्तान की इस कार्रवाई को उकसावे वाली सैन्य रणनीति करार देते हुए कहा कि तंगधार, उरी, पुंछ, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में की गई गोलाबारी में भारतीय सुरक्षाबलों को कुछ नुकसान पहुंचा, लेकिन भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी सैन्य क्षति उठानी पड़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान द्वारा ड्रोन हमले की असफल कोशिशों के बावजूद अपने हवाई क्षेत्र को खुला रखना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने पाकिस्तान पर नागरिक विमानों को सैन्य ढाल की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हमले का मकसद भारतीय रक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी इकट्ठा करना था, जिसे नाकाम कर दिया गया।

सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना चाहता है –नई दिल्ली। भारत ने आज कहा कि पाकिस्तान की ओर से भड़काऊ कार्रवाई बंद नहीं हो रहीं हैं और वह नीचता की हदें पार करते हुए सीमापार धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर सांप्रदायिक विवाद भड़काना चाहता है जिसका भारतीय सशस्त्र बल करारा जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान गुरुद्वारों, चर्चों और मंदिरों सहित एक विशेष डिजाइन वाले पूजा स्थलों को निशाना बना रहा है और उन पर गोलाबारी कर रहा है। यह पाकिस्तान की एक और नीचता है।



## प्रधानमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक

पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच पीएम मोदी ने आज एक बार फिर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के साथ बैठक की। बैठक में तीनों सेना प्रमुख और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

## पंजाब में सभी शैक्षणिक संस्थान बंद

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव में, पाकिस्तान के साथ 532 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करने वाले पंजाब ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने और परीक्षाएं रद्द करने का आदेश दिया है। जालंधर स्थित आई.के. गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को कहा कि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका, ईयू व इटली से की बात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार देर रात अमेरिका सहित कई देशों के समकक्षों के साथ बात की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बातचीत में विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की सराहना की।

# जम्मू सीमा पर 7 घुसपैठिए मार गिराए

**जम्मू, देशबन्धु।** आप्रेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ युद्ध के करीब वाली परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तानी सेना घुसपैठियों को इस ओर धकेलने से बाज नहीं आ रही हैं। ऐसे में बीएसएफ का दावा है कि उसने कर रात को इंटरनेशनल बार्डर पर सांबा सेक्टर में 7 पाक घुसपैठियों को मार गिराया था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि वे आतंकी थे या फिर पाक सेना के बैट हमलावर। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि 8 और 9 मई, 2025 की मध्यरात्रि को एक आतंकवादी समूह द्वारा जम्मू फ्रंटियर बीएसएफ के सांबा क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की गई, जिसे निगरानी ग्रिड द्वारा पता लगाया गया। यह घुसपैठ की कोशिश ढांढर चौकी पर पाकिस्तानी रेंजर्स की गोलीबारी से समर्थित थी। हालांकि, बीएसएफ के सतर्क जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिससे कम से कम सात आतंकवादियों की मौत हो गई और पाकिस्तानी चौकी ढांढर को भारी नुकसान पहुंचा। बीएसएफ ने आपरेशन में धांडर में पाकिस्तानी रेंजर्स के एक बीएमजी बंकर को नष्ट कर दिया। बीएसएफ ने कहा कि 8 और 9 मई की दरम्यानी रात को आतंकवादियों के समूह को सांबा सेक्टर में घुसपैठ करते समय निगरानी ग्रिड द्वारा पकड़ा गया था।

## रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों की लाइव कवरेज को लेकर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचने की हिदायत दी है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आदेश में कहा है, सभी मीडिया चैनलों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही के लाइव कवरेज को दिखाने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स से अनुरोध है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय अत्यंत जिम्मेदारी बरतें और मौजूदा कानूनों व नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने आगे बताया, विशेष रूप से रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से संबंधित रीयल-टाइम कवरेज, विजुअल का प्रसार या सूत्र आधारित जानकारी की रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए।

## सार-समाचार

### रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नए पोप चुने गए



**रोम, एजेंसी।** अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट नये पोप चुने गए है। वेटिकन सिटी में आयोजित कार्डिनल्स कॉन्क्लेव में गुप्त मतदान के दूसरे दिन अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुना गया। उन्होंने अपने लिए पोप लियो-14 नाम चुना है। 133 कार्डिनल्स से बने कार्डिनल्स के कॉलेज ने सात मई को नए पोप के चुनाव के लिए गुप्त मतदान प्रक्रिया शुरू की। गौरतलब है कि ईसाई धर्म के धर्मगुरु पूर्व पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को बीमारी के कारण निधन हो गया था। वेटिकन में पैपल कॉन्क्लेव के दूसरे दिन नए पोप का चयन हो गया। 69 साल के रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को नया पोप चुन लिया गया है। वो अमेरिका से पोप बनने वाले पहले कार्डिनल हैं। उन्होंने अपने लिए पोप लियो-14 नाम चुना है। 133 कार्डिनल्स ने वोटिंग के जरिए दो-तिहाई बहुमत (89 वोट) से उन्हें पोप चुना। 1900 के बाद से यह पांचवां मौका है जब नए पोप को दो दिनों में चुन लिया गया।

### मणिपुर में अपहृत व्यक्ति को बचाया गया, 11 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में अपहृत एक व्यक्ति को बचाया गया तथा पिछले 24 घंटों में सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने विभिन्न अभियानों में 11 अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति का संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि थौबल जिले के लिलोंग-पुलिस थाना के अंतर्गत एनएच-102 पर लिलोंग ब्रिज से एक उग्रवादी संगठन के तीन सदस्यों को फिरौती के लिए लाम्फेल के रिम्स परिसर से अपहरण करने के मामले में गिरफ्तार किया गया। व्यक्ति को भी बचा लिया गया।

### टाटा मेमोरियल अस्पताल को मिला धमकी भरा ईमेल

**मुंबई, एजेंसी।** देश के प्रमुख विशेषज्ञ कैंसर उपचार एवं अनुसंधान केंद्रों में से एक मुंबई के परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल को शुक्रवार को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें अस्पताल परिसर में विस्फोटक उपकरण लगाये जाने का दावा किया गया। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक अस्पताल की सुरक्षा बढ़ा दी गई और तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

मध्यप्रदेश में हाईअलर्ट, मुख्यमंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक, दिए कई निर्देश

# सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक

- अफवाहों पर नियंत्रण और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई हो
- महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए



**भोपाल, देशबन्धु।** भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और हमलों को देखते हुए मध्यप्रदेश में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में शासकीय कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। पुलिसकर्मियों को अवकाश रद्द करने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री ने आज उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अलर्ट मोड में रहें। उन्होंने कहा कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, कोई भी अधिकारी या फील्ड स्टाफ अवकाश पर न जाए। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों से विभागीय समन्वय और तात्कालिक प्रतिक्रिया तंत्र को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार रहें। डॉ. यादव ने आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, कोई भी अधिकारी या फील्ड स्टाफ अवकाश पर न जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों से विभागीय समन्वय और तात्कालिक प्रतिक्रिया तंत्र को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार रहें।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। उन्होंने अफवाहों पर नियंत्रण और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों व प्रचार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुंओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाये। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जाएं। इस बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, एसीएस गृह जे.एन. कंसोटिया, एसीएस मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, डीजीपी कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार, एडीजी इंटेलिजेंस ए. साईं मनोहर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश की सुरक्षा, नागरिक सुविधाएं और प्रशासनिक तंत्र की समीक्षा की गई।

## मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ाई गई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है। प्रदेश में हाई अलर्ट की स्थिति को देखते हुए उनकी सुरक्षा में अब पोर्टेबल फोल्डआउट बैलिस्टिक शील्ड जैसी उन्नत तकनीक को शामिल किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गई है। यह खास बुलेटप्रूफ शील्ड किसी भी खतरे की स्थिति में तेजी से खोली जा सकती है और व्यक्ति को सामने से सुरक्षा कवच प्रदान करती है। इसे हमले की आशंका पर सुरक्षाकर्मी झटके से खोलते हैं, जिससे यह तुरंत फोल्ड होकर रक्षा कवच में बदल जाती है।

# जनार्दन रेड्डी विधानसभा से अयोग्य घोषित

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में ओबुलापुरम माइनिंग कंपनी (ओएमसी) अवैध खनन मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गंगावती के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक जी जनार्दन रेड्डी को राज्य विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। गत छह मई को केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने श्री रेड्डी और तीन अन्य को लौह अयस्क के अवैध निष्कर्षण और निर्यात से जुड़े एक दशक पुराने मामले में दोषी पाया। अदालत ने उन्हें सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया।

**अदालत ने सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी**

कर्नाटक विधानसभा सचिवालय ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी करके श्री रेड्डी को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 191(1)(ई) और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 के तहत अयोग्य घोषित किया। अयोग्यता दोषसिद्धि की तारीख से प्रभावी होगी और रिहाई की तारीख से अतिरिक्त छह साल तक लागू रहेगी, जब तक कि किसी सक्षम अदालत की ओर से रोक नहीं लगाई जाती।

वर्ष 2008 से 2011 के बीच श्री बीएस येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में मंत्री रहे श्री रेड्डी काफी अंतराल के बाद 2023 में गंगावती से जीतकर विधानसभा में लौटे थे। उनकी अयोग्यता के कारण निर्वाचन क्षेत्र के लिए उपचुनाव कराये जाने हैं।

ओएमसी मामला देश के सबसे हाई-प्रोफाइल अवैध खनन मामलों में से एक है, जिसमें बड़े पैमाने पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया गया और राज्य के खजाने को काफी राजस्व का नुकसान हुआ।

ऑपरेशन सिंदूर से सहमा पाकिस्तान

# दाउद को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट किया

• जोगेंद्र सोलंकी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सहमा और घबराया पाकिस्तान लगातार अपने बड़े आतंकवादियों को या तो उनको सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा रहा है या अपने मित्र देश में भेज रहा है। बताया जा रहा है कि भारत की एयरस्ट्राइक के बाद अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को भी शिफ्ट कर दिया गया है। इंटेलीजेंस सूत्रों का कहना है कि दाऊद इब्राहिम भारत की एयरस्ट्राइक से डरकर कराची छोड़कर भाग गया है। बताया जा रहा है कि दाऊद इब्राहिम के साथ-साथ उसके गुर्गे, अनीश और छोटा शकील और परिवार के कुछ लोग भी कराची छोड़कर कहीं सुरक्षित ठिकानों पर चले गए हैं। भारतीय सेना की ओर से बीते मंगलवार-बुधवार की रात 25 मिनट तक ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। इसके तहत पाकिस्तान स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों पर अटैक किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर में जैश-ए-मोहम्मद का चीफ मसूद अजहर बाल-बाल बच गया। लेकिन, उसके ठिकानों पर हुए हमले के बाद खबर सामने आई कि उसके परिवार के 10 लोग समेत संगठन के कुल 14 लोग मारे गए थे।

## भारत की एयरस्ट्राइक से डरकर कराची छोड़कर भागा

बताया जा रहा है कि भारतीय सेना की तरफ से जिन ठिकानों पर भी कार्रवाई की गई उनकी जानकारी भारत की सर्वोच्च खुफिया एजेंसी ने उपलब्ध कराई थी। अनुमान हैं कि भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास भारत के मोस्ट वांटेड माफिया और आतंकी दाउद इब्राहीम, अनीश और छोटा शकील समेत डी कंपनी के सभी हिटमैन के ठिकानों की जानकारी है। दाउद खुद कराची के डिफेंस एरिया में बेहद सुरक्षित ठिकाने में रहता है।

### मिडिल ईस्ट के किसी देश में भेजा

भारत की एयरस्ट्राइक से जिस तरह चंद मिनटों में अति सुरक्षित आतंक के कई अड्डे मिनटों में तबाह हो गए। माना जा रहा कि अभी पूरा पाकिस्तान वॉर जोन बना हुआ है पीओके में भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है इसलिए आशंका जताई जा रही है कि दाउद समेत डी कंपनी के लोगों को मिडिल ईस्ट के किसी देश में शिफ्ट किया गया है। खुफिया एजेंसिया पूरी डी कंपनी के बदले ठिकानों की जानकारी की टोह लेने में जुटी है।

तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की मांग वाली याचिका खारिज

# अदालत नहीं कर सकती शिक्षा नीति अपनाने को बाध्य : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करने का निर्देश देने के लिए दायर की गई याचिका को खारिज कर दी। इसमें 'त्रि-भाषा सूत्र' भी शामिल था। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि कोर्ट, संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत, किसी भी राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति अपनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता है। मतलब सुप्रीम कोर्ट किसी राज्य को यह नहीं कह सकता कि उसे लागू करना ही होगा।

कोर्ट ने जी.एस. मणि द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा, 'यह एक मुश्किल सवाल है कि राज्यों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अपनाना चाहिए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट, संविधान के अनुच्छेद 32 के माध्यम से, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए निर्देश जारी कर सकता है। यह सीधे तौर पर किसी राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी नीति अपनाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता है।'

दिल्ली-एनसीआर में ओलावृष्टि और बिजली गिरने की चेतावनी

# अगले 5 दिनों तक कई राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी है कि देश के उत्तर-पश्चिमी और मध्य हिस्सों में आने वाले पांच दिनों तक गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना बनी हुई है। इसके तहत कई राज्यों के लिए मौसम से जुड़ी चेतावनियां जारी की गई हैं, जिनमें दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। 10 मई को मौसम आमतौर पर बादलों से घिरा रहेगा और हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री रहने की संभावना है। 11 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और तापमान 37 डिग्री अधिकतम और 27 डिग्री न्यूनतम रहने की संभावना है। इसके बाद 12 से 15 मई तक मौसम साफ और आंशिक रूप से बादलों से युक्त रहेगा। तापमान इस दौरान अधिकतम 37-38 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री के आसपास रहेगा।

मौसम विभाग ने 11 मई तक असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मणिपुर जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और जब तक आवश्यक न हो, घर से बाहर न निकलें।

# खेल जगत



## अनुष्का ने किया भारतीय 'हीरोज' के शौर्य को सलाम

**मुंबई।** भारतीय सेना की पाकिस्तान पर की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर आम जनों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के सितारों का भी जोश हाई है और वे सेना के शौर्य को सलाम कर रहे हैं। अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने पोस्ट कर वीर जवानों की सराहना की। वहीं, उनके क्रिकेटर पति विराट कोहली ने कहा कि देश सेना और उनके परिवार के ऋण को कभी नहीं उतार सकता। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा कि हम भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति आभारी हैं। ये हमारे हीरो हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में हमारी रक्षा की है। उनके और उनके परिवारों के बलिदान के प्रति आभार। जय हिंद। अनुष्का की पोस्ट पर उनके पति और क्रिकेटर विराट कोहली की भी प्रतिक्रिया सामने आई। कमेंट सेक्शन में कोहली ने लिखा, 'जय हिंद।'

# आईपीएल 2025 भारत-पाक में सरहद पर तनाव के चलते एक हफ्ते के लिए स्थगित

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 9 मई (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ) ने टाटा आईपीएल 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट को तुरंत प्रभाव से एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने यह खुलासा शुक्रवार दोपहर को किया। बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को स्थगित करने का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच सरहद पर तनाव के चलते लिया है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने एक वक्तव्य में कहा, ' आईपीएल 2025 के नए कार्यक्रम और स्थलों की घोषणा संबद्ध अधिकारियों और सभी हितधारकों के साथ विचार कर स्थिति का विस्तृत आकलन करने के बाद की जाएगी। यह फैसला आईपीएल गवर्निंग काउंसिल द्वारा सभी प्रमुख हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बाद लिया गया, जिसमें ज्यादातर आईपीएल फ्रेंचाइजी ने अपने खिलाड़ियों की चिंता और भावनाओं के साथ-साथ प्रसारक, प्रायोजकों और प्रशंसकों ने विचार भी व्यक्त किए। बीसीसीआई को अपने देश के सशस्त्र बलों की ताकत और तैयारियों पर पूरा भरोसा है, बावजूद इसके बोर्ड ने सभी हितधारकों के सामूहिक हित में काम करना मुनासिब समझा।'

आईपीएल को स्थगित करने का फैसला बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। इस बातचीत में बीसीसीआई के मानद सचिव सैकिया और आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी शामिल थे। शुक्रवार को दोपहर दो बज कर 40 मिनट पर आईपीएल 2025 को स्थगित करने का





■ नए कार्यक्रम और स्थलों की घोषणा स्थिति का विस्तृत आकलन करने के बाद होगी

वक्तव्य जारी करने से पहले बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजी को बता दिया गया था। ऐसा समझा जाता है कि बैठक में शामिल सभी प्रतिभागियों ने सर्वसम्मति से कहा कि मौजूदा हालात में आईपीएल को जारी रखना मुनासिब नहीं है।

आईपीएल की सभी फ्रेंचाइजी द्वारा अपनी अपनी टीमों को समेटने का काम पहले ही शुरू हो चुका है। ऐसा बताया जाता है कि सभी फ्रेचाइजी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ भारत से बाहर और भीतर अगली उपलब्ध उड़ानों से लौटेंगे और इनमें विदेशी दल के मामले में उनकी संबंधित फ्रेंचाइजी और खिलाड़ी संघों की मदद ली जाएगी। भारत ने आईपीएल 2025 को स्थगित करने का फैसला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में बृहस्पतिवार को खेले मैच को जब पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बनाए थे तब जम्मू कश्मीर और पंजाब के सरहद इलाकों पर पाकिस्तान के ड्रोन के हमलों के बाद ब्लैकआउट के बाद मैच में भी बिजली बंद कर मैच को अधूरा समाप्त घोषित करने के बाद लिया। जम्मू व पठानकोट हवाईअड्डो पर हवाई हमले के अलर्ट के बाद ही दरअसल पहले धर्मशाला स्टेडियम की लाइट बंद कर दी गई और फिर मैच को रद्द कर दिया गया। धर्मशाला और उसके करीबी हवाईअड्डो को बद किए जाने से पजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी व सपोर्ट स्टाफ वहां से बस से जालंधर और वहां से ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। अभी मौजूदा आईपीएल अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा था और 58 मैच ही हुए थे और ग्रुप चरण के 12 और दो क्वॉलिफायर, एक इलिमिनेटर और एक फाइनल सहित कुल 16 मैच बाकी थे। अभी ग्रुप चरण में लखनउ(2), हैदरबाद व अहमदबाद (3 - 3), दिल्ली, चेन्नै व बेंगलुरू (दो-दो) तथा मुंबई और जयपुर में एक एक मैच खेला जाना था। भारत की इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है।

## पाकिस्तान ने युद्ध को चुना है : सहवाग



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने गुरुवार को पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने ऐसे समय में युद्ध का रास्ता चुना जब उसके पास 'चुप रहने का अवसर' था। पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू और पश्चिमी सीमा के पास कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें सफलतापूर्वक विफल कर दिया। पाकिस्तान ने युद्ध छेड़ दिया और भारतीय सेना ने जवाबी हमले किए। सहवाग उन कई खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान को दोषी ठहराया और हमलों को विफल करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। सहवाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प चुना, जब उनके पास चुप रहने का अवसर था।

# रोहित की देशवासियों से अपील, फर्जी खबरों से बचें, जिम्मेदार नागरिक बनें

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। भारतीय वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक महत्वपूर्ण संदेश साझा करते हुए देशवासियों से एकजुटता और जिम्मेदारी की अपील की। यह संदेश ऐसे समय में आया है, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत 7 मई को पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सफल कार्रवाई की। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। इस ऑपरेशन को 26 भारतीय नागरिकों की हत्या के जवाब में अंजाम दिया गया। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से अफवाहों का दौर भी शुरू हो गया है। रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए अपने संदेश में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की बहादुरी की सराहना की, जो देश की सुरक्षा के लिए अडिग खड़े हैं। उन्होंने लिखा, हर पल, हर फैसले के साथ मुझे हमारी थलसेना, वायुसेना और जलसेना पर गर्व है। हमारे योद्धा अपने देश के गर्व के लिए मजबूती से खड़े हैं। देश के हर नागरिक को जिम्मेदार बनना होगा और फर्जी खबरों से बचना होगा। सुरक्षित रहें! इसके बाद रोहित ने जयहिंद और



ऑपरेशन सिंदूर के हैशटैग भी पोस्ट में लगाए रोहित का यह बयान तब आया जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में सुरक्षा अलर्ट बढ़ा दिया गया। हवाई अड्डों पर सतर्कता, सायरन और ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। पाकिस्तान की उकसाहट जारी रही, तो भारतीय सेना भी इसका करारा जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। रोहित शर्मा इस समय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का हिस्सा हैं। वह मुंबई इंडियंस टीम की ओर से खेल रहे हैं। पांच बार की चैंपियन एमआई की टीम ने सीजन में शुरुआती लड़खड़ाहट के बाद लगातार छह जीत दर्ज करके अंक तालिका में फिलहाल चौथा स्थान बनाया हुआ है।

## गिल, राहुल ने पाक के साथ तनाव के बीच भारतीय सशस्त्र बलों को 'सलाम' किया

**नई दिल्ली।** पूर्व और वर्तमान भारतीय क्रिकेटरों ने भारतीय सशस्त्र बलों पर अपना प्यार और आभार व्यक्त किया, क्योंकि भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव नए स्तर पर पहुंच गया है, क्योंकि भारतीय बलों ने सीमा पार से मिसाइल हमलों और ड्रोन हमलों के प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया है। भारत के उप-कप्तान शुभमन गिल उन क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्होंने सशस्त्र बलों की बहादुरी की सराहना की। गिल ने एक्स पर एक संदेश में पोस्ट किया, ऐसे समय में राष्ट्र सबसे ऊपर है। हमारे सैनिक, जिनके वीरतापूर्ण प्रयास हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, और उनके परिवार, जो राष्ट्र के लिए ऐसे बलिदान देते हैं, हम आपके और सभी के लिए प्रार्थना करते हैं। जय हिंद। केएल राहुल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, हमारे सम्मानित सशस्त्र बलों के प्रत्येक सदस्य और उनके पीछे खड़े परिवारों को - हम आपकी बहादुरी, बलिदान और ताकत को सलाम करते हैं। एक राष्ट्र के रूप में, हम आपके पीछे मजबूती से खड़े हैं और हमारी रक्षा करने के लिए आपका धन्यवाद करते हैं। जय हिंद।

# पंत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है : सिद्धू



■ पंत आईपीएल की नीलामी में 27 करोड़ की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू को लगता है कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत को मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में खराब फॉर्म के बीच बेसिक्स पर वापस जाने और अपने शॉट चयन पर काम करने की जरूरत है।आईपीएल के मौजूदा सत्र को भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण निलंबित कर दिया गया है। पंत, जो आईपीएल 2025 की नीलामी में 27 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी थे, इस सीजन में दस पारियों में सिर्फ 128 रन बनाकर निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके प्रदर्शन में पांच सिंगल-डिजिट स्कोर, एक डक और सिर्फ एक अर्द्धशतक शामिल है। पंजाब किंग्स के खिलाफ एलएसजी के पिछले मैच में, दो शुरुआती आउट होने के बाद पंत चौथे नंबर पर आए, लेकिन 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 गेंदों पर केवल 18 रन ही बना पाए। एलएसजी ने यह गेम 37 रनों से गंवा दिया और 11 मैचों में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

# डीडीसीए को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को शुक्रवार को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर का बदला लेने के लिए नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गई है। डीडीसीए के एक शीर्ष अधिकारी ने आईएएनएस को बताया कि शुक्रवार सुबह अरुण जेटली स्टेडियम को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। मेल में लिखा है, आपके स्टेडियम में बम विस्फोट होगा। हमारे पास भारत में सक्रिय पाकिस्तान का एक प्रतिबद्ध स्लीपर सेल है। विस्फोट ऑपरेशन सिंदूर का हमारा बदला होगा। यह स्थल आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैचों की मेजबानी कर चुका है, इससे पहले इसे शुक्रवार को बीसीसीआई द्वारा एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। अरुण जेटली स्टेडियम को 11 मई को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सीजन का अपना आखिरी मैच आयोजित करना था, लेकिन बीसीसीआई के फैसले के बाद इसे अब निलंबित कर दिया गया है। गुरुवार को पाकिस्तान ने जम्मू के साथ-साथ पश्चिमी सीमा के पास कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने उन्हें सफलतापूर्वक विफल कर दिया। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से हमले की कोशिश की, जिससे जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में ब्लैकआउट और सायरन बजने लगे। अधिकारियों ने लोगों से घर के अंदर रहने और सतर्क रहने का आग्रह किया क्योंकि आपातकालीन प्रोटोकॉल सक्रिय थे। ऐसा लगता है कि ये हमले पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के प्रतिशोध में किए गए हैं, जहां से पहलगाम में पर्यटकों पर हमले की योजना बनाई गई थी।



■ अरुण जेटली स्टेडियम में 11 मई को गुजरात और दिल्ली का आखिरी मैच आयोजित होना था

## निशानेबाजी : महाराष्ट्र ने जीता स्वर्ण, बिहार को मिला कांस्य पदक

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक तथा बिहार की दिव्या-रुद्र की जोड़ी ने कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में यूपी की टीम को 16-14 अंक से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। आज डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की शंभवी श्रवण क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने की जोड़ी ने कर्नाटक की हृदया श्री कोंडूर और नारायण प्रणव वनीथा सुरेश की टीम को 16-12 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा लेकिन महाराष्ट्र की जोड़ी ने बेहतर संयम और सटीकता का परिचय देते हुए मुकाबला जीता। कर्नाटक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं बिहार की दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की निशानेबाज जोड़ी ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी के कांस्य पदक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की अनन्या और अंश डबास की जोडी को 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक अपने नाम किया।

## खिलाड़ियों को घर भेजने के बारे में सलाह का इंतजार कर रही हैं फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन को तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने के बाद, सभी दस फ्रेंचाइजी अब इस बारे में आगे की सलाह का इंतजार कर रही हैं कि वे भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ और अन्य क्रू सदस्यों को शुक्रवार शाम को विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा ब्रीफिंग के बाद कैसे अपने-अपने घरों को वापस भेजना शुरू कर सकती हैं। हां, आईपीएल फ्रेंचाइजी को अब बीसीसीआई द्वारा आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से अनिश्चित काल के लिए निलंबित करने की सूचना दी गई है। जो फ्रेंचाइजी अपने-अपने ठिकानों पर हैं, वे अब तीन से चार घंटे तक वहीं रहेंगी। सूत्रों ने कहा कि फ्रेंचाइजी अब शुक्रवार शाम को विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग के बाद आगे की सलाह का इंतजार कर रही हैं कि वे भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टाफ और अन्य क्रू सदस्यों को अपने-अपने घरों को वापस कैसे भेज सकती हैं।

# दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने श्रीलंका को 76 रनों से हराया

**कोलंबो,** 9 मई (एजेंसियां)। क्लोई ट्राइऑन (74 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और एनेरी डर्कसेन (104) की शतकीय पारी के दम दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के छठे मुकाबले में श्रीलंका को 76 रनों से हराया। 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा और विष्मी गुणारत्ने की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। 10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने हसिनी परेरा (30) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्राइऑन ने 14वें ओवर में विष्मी गुणारत्ने (24) को भी अपना शिकार बना लिया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजी टिक नहीं खेल सके। हर्षिता समाराविक्रमा (33) को एस नायडू ने आउट किया। नीलाक्षी डिसिल्वा (14) और मानुदी ननायक्करा (13) रन बनाकर आउट हुई। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक (52)रनों की पारी खेली। आखिरी तीन बल्लेबाजों और देवमी विहंगा (16), सुगंधिका कुमारी (शून्य) और मल्की मदारा (शून्य) पर आउट हुई। इन तीनों बल्लेबाजों को क्लोई ट्राइऑन ने आउट किया। श्रीलंका का आखिरी विकेट इनोशी प्रियदर्शिनी (शून्य) रनआउट के रूप गिरा। अनुष्का संजीवनी 32 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 42.5 ओवर में 239 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 76 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की त्रिकोणीय श्रृंखला से सम्मानजक विदाई हुई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्लोई ट्राइऑन ने आठ ओवर में 34 रन देकर पांच विकेट लिये। अयाबोंगा खाका को दो विकेट मिले। सेशनी नायडू और मियां स्मिट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 68 रन जोड़े। देवमी विहंगा ने 14वें ओवर में तेजमिन ब्रिट्स (38) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया।




■ 10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने परेरा को आउटकर द. अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई

## जायसवाल अगले सत्र के लिए मुंबई के साथ बने रहना चाहते हैं : सचिव हडप

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। यशस्वी जायसवाल द्वारा 2025/26 घरेलू सत्र के लिए मुंबई से गोवा में आश्चर्यजनक बदलाव करने के ठीक एक महीने बाद, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को 42 बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम के साथ बने रहने के अपने इरादे के बारे में मेल किया है। जायसवाल को अप्रैल में एमसीए द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया गया था, जब उन्होंने आगामी घरेलू सत्र के लिए गोवा में शामिल होने के अपने इरादे के बारे में उन्हें लिखा था। लेकिन शुक्रवार को यह बात सामने आई कि जायसवाल ने अपने पिछले फैसले पर यू-टर्न मांगा है। जायसवाल ने एमसीए को भेजे ईमेल में लिखा, मैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, आपसे अनुरोध करता हूं कि आप मुझे दी गई एनओसी वापस लेने के मेरे अनुरोध पर विचार करें क्योंकि मेरे पास गोवा जाने की कुछ पारिवारिक योजनाएं थीं, जिन्हें फिलहाल रोक दिया गया है। इसलिए मैं एमसीए से ईमानदारी से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सीजन में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए। मैंने बीसीसीआई या गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को एनओसी नहीं सौंपी है।

# दिहाड़ी मजदूर की बेटी सबीना ने तीन पदक जीते

**नई दिल्ली,** 9 मई (एजेंसियां)। सबीना कुमारी ने झारखंड के चतरा जिले में एक साधारण ट्रैक पर साइक्लिंग शुरू की, जो इनडोर वेलोड्रोम से दूर था। शुक्रवार को, एक दिहाड़ी मजदूर और एक गृहिणी की 18 वर्षीय बेटी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अपने पदार्पण में साइक्लिंग में तीन पदक जीते। सबीना ने लड़कियों की केरिन और टीम स्प्रिंट स्पर्धाओं में क्रमशः स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 200 मीटर स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रशिक्षु ने साई मीडिया को बताया, यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और मैं अपने प्रदर्शन और तीन पदकों से बहुत खुश हूं। उनमें से, व्यक्तिगत केरिन मेरा सर्वश्रेष्ठ था। सबीना की कहानी शांत दृढ़ संकल्प, फोकस और कड़ी मेहनत की कहानी है। 18 वर्षीय खेलो इंडिया एथलीट ने कहा कि मैंने हमेशा ध्यान केंद्रित किया है और कड़ी मेहनत की है। ग्रामीण इलाकों में कई लड़कियां हैं जो जीवन में कुछ करना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिल पाता। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि वे कड़ी मेहनत करें। जो आप चाहते हैं, उसका पीछा करें, चाहे वह खेल हो या कुछ और। सबीना का खेलों में प्रवेश संयोग से हुआ।सबीना ने कहा कि मुझे तब खेलों के बारे में भी नहीं पता था। मेरे पिता ने झारखंड सरकार के सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड कार्यक्रम के तहत 2017 में एक फॉर्म भरा था।

■ यह मेरा पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और मैं अपने प्रदर्शन और तीन पदकों से बहुत खुश हूं



## गोल्फ: कोरिया में वर्षा प्रभावित पहले दिन दीक्षा और प्रणवी संयुक्त 19वें स्थान पर

**सोल ( दक्षिण कोरिया ),** 9 मई (एजेंसियां)। भारत की दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने अरामको कोरिया चैंपियनशिप बारिश से प्रभावित पहले दिन 1-ओवर 73 के कार्ड के साथ शुरुआत की। भारत की अन्य दो स्टार, त्वेसा मलिक (79) और अवनी प्रशांत (79), दोनों ही संयुक्त 86वें स्थान पर थीं और कट बनाने के लिए उन्हें दूसरे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। 17 होल तक पार स्कोर पर, दीक्षा शीर्ष 10 में थी, जब तक कि वह नौवें होल पर नहीं आ गई, जो दिन का उसका अंतिम होल था। उसने होल में बोगी मारी और 1-ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 19 पर आ गई। प्रणवी ने अपने 73 में दो बोगी के मुकाबले सिर्फ एक बर्डी बनाई और वह भी संयुक्त 19 पर थीं। लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) की स्टार्स के लिए बारिश एक कठिन परीक्षा साबित हुई।केवल छह खिलाड़ी अंडर पार थे, जिनमें फ्रांस की पेरिन डेलाकॉर और जर्मनी की पेट्रीसिया श्मिट तीन अंडर पार स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। हाल ही में इन्वेस्टेक एसए महिला ओपन में विजेता रहीं डेलाकॉर टीम इवेंट में भी शीर्ष पर हैं, उनकी टीम का स्कोर 13 अंडर पार है। दीक्षा ने दसवें होल से शुरुआत की और दो-दो बर्डी और बोगी लगाकर बराबरी का स्कोर बनाया। दूसरे नौ होल पर उन्होंने पहले होल पर बोगी की, लेकिन पांचवें होल पर बर्डी के साथ शॉट वापस ले लिया।

# ओडिशा, महाराष्ट्र ने लड़कियों और लड़कों के खो-खो में स्वर्ण पदक जीता

**गया ( बिहार ),** 9 मई (एजेंसियां) ओडिशा की लड़कियों ने शुक्रवार को यहां बिपार्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार की खो-खो प्रतियोगिता में गत चैंपियन महाराष्ट्र को करीबी मुकाबले में 34-31 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। हालांकि, महाराष्ट्र ने बदला चुकता किया और लड़कों के फाइनल में भी अपना दबदबा बनाए रखते हुए ओडिशा को 34-25 से हराया। लड़कियों का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। समरनिका साहू के शानदार प्रदर्शन की बदौलत, जिन्होंने 12 अंक बनाए, ओडिशा विजयी हुआ। इस जीत ने ओडिशा के लिए वापसी कराई, जिसे तमिलनाडु में 2024 के संस्करण में रजत से संतोष करना पड़ा था। इस बार, टीम ने ओडिशा के खेल इतिहास में एक नया अध्याय लिखा। जीत कड़ी मेहनत से हासिल की गई थी। ओडिशा एक समय 10-16 से पीछे चल रहा था, लेकिन उसने जबरदस्त लचीलापन और जुझारूपन दिखाया और खिताब जीतने के लिए मजबूती से वापसी की। फाइनल के बाद ओडिशा की लड़कियों के कोच चौधरी पार्थसारथी मोहपात्रा खुश थे। मोहपात्रा ने साई मीडिया से कहा, कि पछली बार हम उनसे हार गए थे। इस बार, निर्देश स्पष्ट थे कि बिना किसी दबाव के खेलें। हमारे पास जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा समूह है। मैं वास्तव में रोमांचित हूं कि हमारी टीम ने महाराष्ट्र को हराया। यह हमारी लड़कियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। उन्होंने बहुत दृढ़ संकल्प और कौशल दिखाया है। हमने दो साल पहले स्वर्ण पदक जीता था और हम फिर से शीर्ष पर हैं। ओडिशा सरकार हमें बहुत समर्थन दे रही है और यह परिणाम इसका प्रमाण है।



■ लड़कियों का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा

■ इस बार, टीम ने ओडिशा के खेल इतिहास में एक नया अध्याय लिखा

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 12 | 5 | 6 | 11 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.992 |

## सार समाचार

### जिले में तीन पुलिस अधिकारी बदले

**छतरपुर, देशबन्धु।** एसपी अगम जैन ने जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए तीन पुलिस अधिकारियों को नए थानों में भेजा है। टीआई परशुराम डाबर को राजनगर थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह टीआई अजय अम्बे को लवकुशनगर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है और एसआई सिद्धार्थ शर्मा को खजुराहो भेजा गया है।

### युवती से दुष्कर्म का इनामी आरोपी मनु गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** इंस्टाग्राम से पहचान होने के बाद युवती से शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले आरोपी मनु अरजरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस प्रकरण में दुष्कर्म पीडिता ने पुलिस की लापरवाही से तंग आकर गुरुवार को एसपी आफिस के सामने धरना दिया था। इसके बाद आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया और पुलिस ने आनन फानन में उसे दबोच भी लिया है। बता दें कि 28 मार्च 2025 को सिटी कोतवाली जाकर दुष्कर्म पीडिता ने आरोपी मनु अरजरिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से मनु फरार था। उसे पकडने में पुलिस द्वारा की जा रही लापरवाही से तंग आकर पीडिता ने एएसपी विदिता डागर से साफ कह दिया कि अब उसके सामने धरना देने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है। तब पुलिस एक्शन में आई और आरोपी को खोज निकाला गया।

### 4 आदतन अपराधी एक साल के लिए जिला बदर

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिले के 4 आदतन अपराधियों को एक साल के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। कन्याल ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी विक्की उर्फ इरशाद पुत्र इकबाल मोहम्मद उम्र 31 वर्ष निवासी तलैया मोहल्ला गुना, अतुल जाट पुत्र राजेन्द्र सिंह जाट उम्र 27 वर्ष निवासी राधा कॉलोनी गुना, गोलू जाटव पुत्र मोकम सिंह जाटव उम्र 30 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास ग्राम पिपरोदा खुर्द एवं बाबू उर्फ आफताफ पुत्र एहसान मोहम्मद उम्र 23 वर्ष निवासी तलैया मोहल्लाव गुना को 01 वर्ष के लिये गुना जिला एवं इससे लगी सीमावर्ती जिलों शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, भोपाल की सीमा से निष्का सन संबंधी आदेश पारित किए गए।

### साल की दूसरी नेशनल लोक अदालत आज

**गुना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में 10 मई शनिवार को जिले एवं तहसील राघौगढ, चांचौडा एवं आरोन के समस्त न्यायालयों में वृहद स्तर पर 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, विद्युत अधिनियम, एनआईएक्ट, चैक बाउन्स, श्रम मामले, मोटर दुर्घटना दावा, बीएसएनएल आदि विषयक प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय गुना एवं तहसील स्तर पर राघौगढ़, चाचौड़ा एवं आरोन में कुल 23 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया है। उक्त नेशनल लोक अदालत में संपूर्ण जिले में न्यायालयों से 1175 लंबित प्रकरण एवं 6200 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रैफर्ड किए गए है।

### जिला जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में दिनांक आज जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना सर्वेश चतुर्वेदी द्वारा जिला जेल गुना में जेल बंदियों को विधिक अधिकारों से जागरूक किए जाने के लिए विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी गुना द्वारा बंदियों को निःशुल्क विधिक सेवा योजना, प्लीबार्गेनिंग एवं जमानत का अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी जाकर लाभान्वित किया गया।

### 04 कर्मचारियों का 01-01 दिन वेतन काटे एवं 01 कर्मचारी को निलंबित किये जाने हेतु आदेश जारी

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर जिला शिक्षा केन्द्र के 04 कर्मचारियों गुमान सिंह नरवरिया प्रोग्रामर, विक्रम सोनी सहायक यंत्री, सचिन तोमर डाटा एंटी ऑपरेटर तथा गिर्राज चौबे लिपिक का 01-01 दिन का वेतन काटे जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। साथ ही जिला शिक्षा कार्यालय के सहायक ग्रेड-03 कैलाश नारायण सांसी को निलंबित किये जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है।

### शिवपुरी में मिली म्याना से अपहृत नाबालिग, परिजनों को सौंपा

**गुना, देशबन्धु।** जिले के म्याना क्षेत्र से अपहृत एक नाबालिग बालिका को पुलिस ने शिवपुरी में खोज निकाला है। उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।पुलिस के मुताबिक 8 अप्रैल को जिले के म्याना थाना क्षेत्र से 13 वर्षीय एक नाबालिग बच्ची के घर पर किसी को बिना कुछ बताए कहीं चले जाने पर बालिका के पिता की ओर उसके गुम होने संबंधी रिपोर्ट म्याना थाने पर की गई थी। जिस पर से अपराध क्रमांक 91/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। म्याना थाना पुलिस द्वारा प्रकरण में अपहृत बालिका की सघनता से तलाश की गई और इसके लिए अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर सभी संभावित जगहों पर अपहृता को खोजने के निरंतर प्रयास किए गए। जिसके परिणाम स्वरूप बीते रोज अपहृता के संबंध में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर म्याना थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में अपहृत नाबालिग बच्ची को शिवपुरी जिले के बदरवास थाना क्षेत्र से दस्तयाब कर लिया है। म्याना थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे, ऊमरी चौकी प्रभारी सउनि महेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक दिनेश गौतम, आरक्षक सुनील यादव एवं महिला आरक्षक शिवानी चौहान की विशेष भूमिका रही है।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए सेवाओं में कसावट लाने के निर्देश

# प्रसूताओं के पंजीयन व जांच में लाएं तेजी, लापरवाहों पर करें कार्रवाई : कलेक्टर




**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर पार्थ जयसवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं में कसावट लाने, प्रसूताओं के पंजीयन व जांचे कराने में तेजी जाने के निर्देश देते हुए कहा काम में लापरवाही करने वालों पर कडी कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने कम प्रसव पर नाराजगी जताते हुए इसकी जांच के निर्देश देकर ग्राम कर्री, सीलोन और कुर्राहा में प्रसव संख्या अत्यंत कम पाई जाने पर इन गावों को 108 एंबुलेंस सेवा से जोड़ने पर जोर दिया। कलेक्टर ने सभी बीएमओ को 7 दिन में अपने-अपने क्षेत्रों के सभी डिलीवरी प्वाइंट्स का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा प्रसव संख्या में कमी के कारण पता करें, इस बारे में सीएमएचओ स्पष्टीकरण दें। ग्राम पाथा में होम डिलीवरी अधिक होने की जांच के लिए लवकुशनगर के बीएमओ को निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों के पुनर्वास में लापरवाही पर लवकुशनगर के सीडीपीओ और बीएमओ द्वारा कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केंद्र में भर्ती न किए जाने पर उनकी एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सीएमएचओ को बड़ामलहरा, ईशानगर और लवकुशनगर क्षेत्र की निगरानी की जिम्मेदारी भी दी।

बैठक मे एसएनसीयू, मृत्युदर, अप्रैल 2025 तक की पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट की स्थिति, एनआरसी की प्रगति की समीक्षा करके स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग को उसमें और सुधार के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सीएमएचओ डॉ आरपी गुप्ता सहित बीएमओ, डॉक्टर और संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### लापरवाह आशा को सेवा से पृथक करें

कलेक्टर ने प्रसूताओं के देर से पंजीयन करने और एएनसी न होने की शिकायत पर संबंधित आशा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा यदि कोई आशा कार्यकर्ता कर्तव्यपालन में लापरवाही करे तो उसे तत्काल सेवा से पृथक किया जाए। प्रसूताओं की सतत निगरानी करने और सभी अस्पतालों में डिलीवरी प्वाइंट प्रभावी तरीके से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। पीपीआईयूसीडी शून्य रहने पर बीएमओ राजनगर को कारण बताओ नोटिस दिया गया। कलेक्टर ने जिले में होने वाले सभी प्रसव एवं जन्म लेने वाले शिशुओं में लो वर्थ वेट की संख्या ट्रैक करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग को समन्वय से कार्य करके यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नवजात शिशुओं को आवश्यक पोषण समय से दिया जाए।

#### हाई रिस्क प्रसूताओं की निगरानी के निर्देश

कलेक्टर ने पीएमएसएमए व ई-पीएमएसएमए की समीक्षा करते हुए सभी बीएमओ को निर्देशित किया कि हाई रिस्क प्रसूव वाली महिलाओं का डेटा सीडीपीओ से साझा करें और हर माह 9 व 25 तारीख को निगरानी करें। जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री जयसवाल ने जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना व भुगतान की की समीक्षा करते हुए बीएमओ गौरिहार को भुगतान में खराब प्रदर्शन के कारण कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए हैं।

### गहराया जलसंकट: सूख गए नल, पानी ढोकर और खरीदकर चला रहे काम



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** नगर में गर्मी आते ही जलसंकट गहरा जाने से लोगों की परेशानी बढ गई है। कई वार्डों में जलप्रदाय ठप हो जाने से नल सूख गए हैं। लोग दूर से पानी ढोकर या मंहगा पानी खरीदकर किसी तरह से काम चला रहे हैं।

कहने को तो मुख्यमंत्री जल योजना के तहत नगर परिषद घर-घर नल कनेक्शन देकर एक दिन छोड़कर जल आपूर्ति कर रही है। मगर सच्चाई ये है कि नगर के कई हिस्सों में जल प्रदाय लंबे समय ठप है। लोग पानी के लिए परेशान घूम रहे हैं। वार्ड 6 के शरद पराशर ने बताया नगर के कुल 15 वार्ड में से अधिकांश में पिछले एक महीने से जलप्रदाय नहीं हो रहा है। वार्डों में सुबह से ही लोग पानी की तलाश में जुट जाते हैं।

बडी संख्या में लोग कुओं और हैंडपंपों से पानी ढोकर किसी तरह काम चला रहे हैं। कई लोगों को निजी टैंकर्स से पानी खरीदना पड रहा है। लोगों का आरोप है केवल कागज़ों में ही जल योजना और जलप्रदाय सुचारु हो रहा है। जबकि सच्चाई ये है कि लोगों को बूँद-बूँद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

### ओवर हाइट, अधिक सवारी वाले वाहनों पर की कार्यवाही

**छतरपुर, देशबन्धु।** परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवर हाइट, अधिक सवारी वाले वाहनों पर संयुक्त रुप स्व कार्रवाई की है। यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेते ने बताया ओवर हाइट वाहनों, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी ले जाने वाली बसों, अव्यवस्थित सवारी वाले लोडर और बॉडी से बाहर माल ढोने वाले 50 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई करके 40 हजार से अधिक समन शुल्क वसूला गया है। इस कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों और व्यावसायिक वाहन स्वामियों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में नियम उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई होगी। परिवहन विभाग और पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियम तोडने वालों और दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

### झाड़फूंक के बहाने दुष्कर्म करने वाले को 10 साल की सजा

**छतरपुर, देशबन्धु।** 8 साल पहले झाड़फूंक के बहाने एक महिला से दुष्कर्म के मामले में जिला न्यायालय के न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह की विशेष अदालत ने आरोपी इस्माइल खां को दोषी करार देकर उसे 10 वर्ष कठोर कारावास और तीन हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार ने बताया 13 दिसंबर 2017 को हरपालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला अपनी मानसिक रोगी बेटी का झाड़फूंक से इलाज कराने के लिए तांत्रिक के पास गई थी। तांत्रिक इस्माइल खान ने महिला की बेटी को झाड़फूंक से ठीक करने का भरोसा दिलाया और रात को एक झोपड़ी में ले जाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म सहित एससीएसटी एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया और जांच के बाद विशेष अदालत में पेश किया। अंतिम सुनवाई के दौरान गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर दुष्कर्मी इस्माइल खां को सजा सुनाई गई है।

### डॉक्टर का कमाल, ऑपरेशन कर मलद्वार में घुसी बोतल निकाली

**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी एक व्यक्ति के मलद्वार में चार आरोपियों द्वारा जबरन घुसेड़ दी गई बोतल को जिला अस्पताल में सर्जन डॉ मुहम्मद तौशीफ सिद्दीकी ने शुक्रवार को ऑपरेशन कर निकाल दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत में सुधार है।

ग्राम मऊ निवासी पीड़ित के अनुसार आज सुबह करीब 10 बजे 4 आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और जबरन उसके मलद्वार में बोतल पूरी अंदर डाल दी। दर्द से कराहते पीड़ित को उसके परिजन तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे। अस्पताल में यह क्रिटिकल केस पहुंचने पर मरीज हालत देखते हुए उसे तुरंत ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया जहां सर्जन डॉ मुहम्मद तौशीफ सिद्दीकी ने उसका ऑपरेशन कर बोतल को बाहर निकाल दिया। फ़िलहाल मरीज की हालत में सुधार है। इस कठिन ऑपरेशन में डॉ सिद्दीकी के साथ डॉ संजना रॉबिन्सन, एनिस्थिसिया विशेषज्ञ डॉ बीके चतुर्वेदी, ओटी नर्सिंग स्टॉफ आराधना चतुर्वेदी आदि ने साथ दिया।

### विधायक, कलेक्टर ने किया एसडीएम कार्यालय का लोकार्पण

**छतरपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को जिले के नौगांव कस्बे में विधायक कामाख्या प्रताप सिंह एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल नवीन एसडीएम कार्यालय का फीता काटकर लोकार्पण किया है।



विधायक और कलेक्टर ने नए भवन में बनाए गए मीटिंग रुम, एसडीएम कोर्ट और एसडीएम चैंबर का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने कहा नए भवन में कार्यालय शुरु हो जाने से आमजन को राजस्व सहित अन्य शासकीय सेवाओं का सुविधाजनक तरीके से लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियो को सिटीजन चार्टर का पालन करने और समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश भी दिए हैं। इस अवसर पर एसडीएम जीएस पटेल, एसडीओपी अमित मेश्राम, नौगांव तहसीलदार रंजना यादव, महाराजपुर तहसीलदार अनिल तलैया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और समाजसेवी मौजूद थे। बता दें कि ये भवन लोक निर्माण विभाग की पीआईयू शाखा द्वारा बनाया गया है।

### महाराजा अग्रसेन मंदिर, धर्मशाला भवन का भूमिपूजन



**खजुराहो, देशबन्धु।** शुक्रवार को सुबह 7.30 बजे खजुराहो-राजनगर अग्रवाल समाज के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन मंदिर तथा धर्मशाला भवन के लिए भूमिपूजन किया गया।

खजुराहो-राजनगर मार्ग पर उत्सव पैलेस के पीछे अग्रसेन कॉलोनी स्थल पर समाजसेवी हरिशंकर अग्रवाल दद्दा द्वारा दान में दी गई जमीन पर इनका निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए भूमिपूजन में श्री महाराजा अग्रसेन सेवा कल्याण समिति व अग्रवाल समाज के पदाधिकारी और अग्रबंधु शामिल हुए। समाज के वरिष्ठ संरक्षक नरेन्द्र अग्रवाल ने नलकूप खनन हेतु 25 हजार रुपए का निजी सहयोग करते हुए चेक सौंपा।

सामाजिक संरक्षक सदस्य सुरेश अग्रवाल ने ब्रांडेड कंपनी का 2 एचपी का समर्शिबल पंप दान में दिया। इस अवसर पर समाज की महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला अग्रवाल, कौशल किशोर अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रवेंद्र अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल और शिवम अग्रवाल सहित अग्रबंधु मौजूद थे।

### खूनी संघर्ष: 2 गुटों में जमकर चली लाठी-कुल्हाडी, 12 लोग घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम सहसनगर में एक रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जमकर लाठी-कुल्हाडी से मारपीट में दोनों पक्षों से 12 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम कमलेश अहिरवार के छोटे भाई दूध देने के लिए डेयरी जा रहे थे। तभी सीढ़ी पर काम करते हुए बृजकिशोर प्रजापति ने उनका रास्ता रोका, जब इस बात का विरोध किया, तो उसके भाई रोहित और एक अन्य की पिटाई कर दी। बच्चों ने ये बात घर के लोगों को बताई, बस यहीं से विवाद शुरु हो गया। बताते हैं कि हाथ में लाठी और कुल्हाडी लेकर कमलेश के पक्ष के कई लोग बृजकिशोर के घर पहुंचे और उस परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हममे में बृजकिशोर प्रजापति, भगवान दास, तुलसीदास और कमलेश को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान ब्रजकिशोर के पक्ष के लोगों ने भी आरोपियों पर हमला करके कमलेश अहिरवार, सूरज, हरिराम, प्यारी और शिवानी को चोटे आई हैं। पुलिस ने दौनों पक्षों की रिपोर्ट पर क्रास केस कायम कर लिया है। मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर और धाराएं बढाई जाएंगीं।

### 38 स्कूलों का रिजल्ट 20 प्रतिशत से कम आने पर दिए नोटिस

**खजुराहो, देशबन्धु।** राजनगर विकासखंड अंतर्गत 20 अशासकीय तथा 18 शासकीय स्कूलों में कक्षा 5 व कक्षा 8वीं का रिजल्ट 20 प्रतिशत से कम आने पर कलेक्टर द्वारा नोटिस दिए गए हैं। राजनगर सर्व शिक्षा अभियान के स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) अतुल चतुर्वेदी ने बताया 38 स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। बता दें कि राजनगर संकुल के 7 शासकीय स्कूलों में कक्षा 5 और 8 का रिजल्ट तो 0 प्रतिशत रहा है।जिन स्कूलों का रिजल्ट 20 प्रतिशत से कम आया है, उन निजी स्कूलों को असफल बच्चों की फिर से तैयारी कराने के बाद परीक्षा दिलाकर रिजल्ट सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अध्ययनरत विद्यार्थी की आने वाले वर्ष की शिक्षा शुल्क भी माफ करने को कहा गया है। वहीं शासकीय स्कूलों में जिम्मेदार अध्यापकों की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि इनमें ज्यादातर वे स्कूल शामिल हैं, जिनमें छात्र संख्या कम है, स्कूल शिक्षक विहीन हैं या अन्य स्कूलों के प्रभारियों के हवाले हैं।

### 38 स्कूलों का रिजल्ट 20 प्रतिशत से कम आने पर दिए नोटिस

**खजुराहो, देशबन्धु।** राजनगर विकासखंड अंतर्गत 20 अशासकीय तथा 18 शासकीय स्कूलों में कक्षा 5 व कक्षा 8वीं का रिजल्ट 20 प्रतिशत से कम आने पर कलेक्टर द्वारा नोटिस दिए गए हैं।

राजनगर सर्व शिक्षा अभियान के स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) अतुल चतुर्वेदी ने बताया 38 स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। बता दें कि राजनगर संकुल के 7 शासकीय स्कूलों में कक्षा 5 और 8 का रिजल्ट तो 0 प्रतिशत रहा है।जिन स्कूलों का रिजल्ट 20 प्रतिशत से कम आया है, उन निजी स्कूलों को असफल बच्चों की फिर से तैयारी कराने के बाद परीक्षा दिलाकर रिजल्ट सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अध्ययनरत विद्यार्थी की आने वाले वर्ष की शिक्षा शुल्क भी माफ करने को कहा गया है। वहीं शासकीय स्कूलों में जिम्मेदार अध्यापकों की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि इनमें ज्यादातर वे स्कूल शामिल हैं, जिनमें छात्र संख्या कम है, स्कूल शिक्षक विहीन हैं या अन्य स्कूलों के प्रभारियों के हवाले हैं।

### रंग लाई सरपंच की पहल, पुलिस ने दिया साथ तो हो गया मैदान साफ

# बस स्टेड से हटाया अतिक्रमण, अब लोगों को मिलेगी जाम और हादसों से मुक्ति





**गौरिहार, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत गौरिहार के सरपंच भूपेंद्र यादव ने टीआई संदीप दीक्षित के साथ मिलकर दुकानदारों को समझाया और सर्वसम्मति से बस स्टेंड से अतिक्रमण हटवाया है। अब लोगों को जहा दिन में कई बार लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी वहीं हादसों का खतरा भी नहीं रहेगा। सभी ने सरपंच के प्रयास को सराहा है। अभी तक गौरिहार के बस स्टैंड पर दुकानें और हाथ ठेला लगाने वालों की मनमानी की वजह से हर ओर अतिक्रमण जमा हुआ था। रही सही कसर डग्गामारी करने वाले टैंपू और ई-रिक्शा चालक भी सवारियों के चक्कर में बीच सड़क पर कही भी खड़े होकर जाम लगाकर पूरी कर देते थे। बस स्टेंड के बडे हिस्से पर दो पहिया वाहनों को सुधारने वाले और पंचर बनाने वाले कब्जा किए थे। जिससे जाम लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। इसे देखते हुए सरपंच ने टीआई से मशविरा किया और बस स्टैंड के दुकानदारों व वाहन चालकों को समझाया, उनकी सहमति से बस स्टैंड से बिना किसी विरोध के अतिक्रमण हटाया दिया गया। जिससे अब बस स्टैंड अतिक्रमण मुक्त होकर साफ सुथरा और बडा लगने लगा है।

#### किनारे सलीके से लगाई दुकानें, ठेले

सरपंच भूपेंद्र यादव और टीआई श्री दीक्षित की समझाईश आखिर काम आ गई। सड़क किनारे सब्जी और अंडो की दुकानें व ठेला लगाने वालों को लवकुशनगर मार्ग पर लगाने की समझाइश दी गई। दुकानों के अतिक्रमण के साथ गंदगी की सफाई कराई गई। इस अभियान में पंचायत सचिव नरेंद्र सिंह राय, आरक्षक धर्मेंद्र यादव, शिवम सिंह, अमित शर्मा, कमलेश राजपूत सहित पंचायत के सफाईकर्मियों की भूमिका खास रही है। कुल मिलाकर सरपंच और टीआई के इस प्रयास को जहां पंचायत स्तर पर सभी ने सराहा वही आसपास की पंचायतों में भी इसकी खूब चर्चा है। बस स्टैंड के दुकानदार बेटूराम साहू, दीपक अवस्थी, वीरु निगम, सुरेंद्र यादव, मेडिकल संचालक धर्मेंद्र पटेल, वीरेन्द्र अवस्थी, जीतेंद्र पटेल, चुनबद्दी सिंह सिचहरी, अभि मिश्रा गहबरा सहित बसों के चालक और परिचालको का कहना है बस स्टैंड का अतिक्रमण हट जाने से वाहनों की आवाजाही में परेशानी नहीं होगी, वहीं हादसों का खतरा भी नहीं रहेगा।

# अभिमत

कांदाबानी गांव के एक ग्रामीण ने बताया था कि गर्मी शुरू होने पर हम खेत में पेड़ों की छोटी-छोटी टहनियों, पत्ते, घास और छोटी झाड़ियों को एकत्र कर बिछा देते हैं। फिर उनमें आग लगा दी जाती है। इसी राख की पतली परत पर बीजों को बिखेर दिया जाता है जब बारिश होती है तो पौधे उग आते हैं। जैसे जैसे फसलें पक कर तैयार हो जाती हैं, काटते जाते हैं।

## बैगाओं की खेती और उनका खान-पान

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश के डिण्डौरी जिले के बैगा आदिवासी पीढ़ियों से बेंवर खेती करते आ रहे हैं। जंगलों के बीच बसे बैगाओं की अनोखी बेंवर खेती उनकी पहचान है। इससे उन्हें दाल, चावल, रोटी, हरी सब्जियां और फल मिलते हैं। बैगाओं को इससे पौष्टिक संतुलित भोजन मिलता है। हालांकि बेंवर खेती का अब पारंपरिक रूप नहीं है, संशोधित रूप में है। लेकिन इसे देशी बीजों के साथ छोटे स्तर पर पुनर्जीवित किया जा रहा है। आज इस कॉलम में बैगाओं की खेती की चर्चा करना चाहूंगा, जिससे उनकी प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की झलक मिल सके।

मुझे इस इलाके में एक दो बार जाने का मौका मिला है। यह संस्था मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के बीच देशी बीजों की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। देशी बीजों की प्रदर्शनी लगाना, बीजों का आदान.प्रदान करनाए खेती के तौर.तरीके सिखानाए संस्था के काम हैं। हाल ही में नागपुर में बीजोत्सव में संस्था ने बीजों का स्टॉल भी लगाया था।

पिछले साल एक प्रदर्शनी में महुआलाटा, घुईफल का सब्जी, आंवला चटनी, राहर और उड़द बड़ा, डूमर फल की सब्जी, बांस करील की सब्जी, बेलभूंज, चेंच भाजी, पताली चटनी, रमतीला की चटनी, लोरिंग कांदा भूंज, चकोड़ा भाजी, कोदो कुटकी का चीला, गीठ कांदा, भूत कांदा, खिर कांदा, रवि कांदा, रताल कांदा, डुंगची कांदा, सरई पिहरी आदि व्यंजन भी प्रदर्शित किए गए थे।

संस्था ने पौष्टिक अनाजों से कई तरह के पकवान, अचार व लड्डू आदि भी बनाए हैं। महिलाओं का इसका प्रशिक्षण भी दिया है। महुआ के लड्डू और आगे बढ़ने से पहले बैगाओं का संक्षिप्त परिचय देना उचित होगा। बैगा, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह में शामिल हैं। उनके तीज-त्यौहार खेती पर आधारित हैं। जब खेती ठीक से नहीं होती तो वे त्यौहार भी ठीक से नहीं मना पाते। निर्माण वैकल्पिक विकास एवं सहभागी संस्थान व बीज विरासत अभियान के प्रमुख नरेश विश्वास कहते हैं कि अगर बैगाओं की फसल नहीं होती तो वे त्यौहार भी नहीं मना पाते हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से बेंवर व मिश्रित खेती ने उनकी जीवन में बदलाव आ गया है। उनके पास खुद के बीज और खुद का अनाज होने लगा है।

कांदाबानी गांव के एक ग्रामीण ने बताया था कि गर्मी शुरू होने पर हम खेत में पेड़ों की छोटी-छोटी टहनियों, पत्ते, घास और छोटी झाड़ियों को एकत्र कर बिछा देते हैं। फिर उनमें आग लगा दी जाती है। इसी राख की पतली परत पर बीजों को बिखेर दिया जाता है जब बारिश होती है तो पौधे उग आते हैं। जैसे जैसे फसलें पक कर तैयार हो जाती हैं, काटते जाते हैं।

कोदो, कुटकी, ज्वार, सलहार (बाजरा) मक्का, सांवा, कांग, कुरथी, राहर, उड़द, कुरेली, बरबटी, तिली जैसे अनाज बेंवर खेती में बोये जाते हैं। लौकी, कुमड़ा, खीरा आदि को भी बोया जाता है। कुल मिलाकर, 16 प्रकार के अनाज को बैगा बोते हैं। इन 16 अनाजों की 56 किस्में हैं।

एक जगह पर एक वर्ष में खेती की जाती है। अगले साल दूसरी जगह पर खेती होती है। इस खेती को स्थानांतरित खेती (शिफ्टिंग कल्टीवेशन) कहते हैं। हालांकि इस खेती पर प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन मध्यप्रदेश के बैगाचक इलाके में यह प्रचलन में है। लोग अपने ही खेतों में बेंवर करते हैं। इसका संशोधित रूप मिश्रित खेती को अपना रहे हैं।

बेंवर खेती के प्रचार-प्रसार लगे नरेश विश्वास कहते हैं कि कुछ वर्ष पहले हमने जब यह अभियान शुरू किया था तब लोगों के पास बेंवर के बीज ही खत्म हो गए थे। हमने बीजों के आदान-प्रदान का काम किया जिससे अब बैगा आदिवासियों के बीज उपलब्ध हैं और वे बेंवर खेती कर रहे हैं।

विश्वास कहते हैं कि बेंवर में अधिकांश लोग केवल कुटकी करते थे। उनके पास सलहार नहीं था, बैगा राहर नहीं थी। हमने इसकी तलाश की और फिर बीजों की अदला-बदली की। छत्तीसगढ़ के पहाड़ी कोरवा आदिवासी भी यहां से मड़िया का बीज लेकर गए। कुछ जगह हमने समतल जमीन में भी जुताई से मिश्रित खेती करवाने का प्रयास कर रहे हैं।

यह खेती जैविक, हवा और पानी के अनुकूल और मिश्रित है। यह सुरक्षित खेती भी है कि चूंकि इसमें मिश्रित खेती होती है अगर एक फसल मार खा गई तो दूसरी से इसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें कीट प्रकोप का खतरा भी नहीं रहता। इसमें रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती।

यह खेती संयुक्त परिवार की तरह है। एक फसल दूसरी की प्रतिस्पर्धी नहीं है बल्कि उनमें सहकार है। एक से दूसरी को मदद मिलती है। मक्के के बड़े पौधे कुलथी को हवा से गिरने से बचाते हैं। फल्लीवाले पौधों के पत्तों नत्रजन मिलती है। ये पौधे अपनी जड़ों के जरिए भूमि से अलग-अलग गहरे से पोषक तत्व लेते हैं। इससे उर्वर षक्ति अधिक होती है।

इन अनाजों में शरीर के लिए जरूरी सभी पोषक तत्व होते हैं। रेशे, लौह तत्व, कैल्शियम, विटामिन, प्रोटीन व अन्य खनिज तत्व मौजूद हैं। चावल व गेहूं के मुकाबले इनमें पौष्टिकता अधिक होती है।

बैगाओं के भोजन में पेज प्रमुख है। पेज एक तरह से सूप की तरह होता है। बैगा पूरे साल भर पेज पीते हैं। पेज कम अनाज में पेट भरने का उपाय भी है। अनाज कम और पानी ज्यादा। अगर पेज बनते समय दो मेहमान भी आ जाए तो उतने ही अनाज में पानी की मात्रा बढा दी जाती है।

जब आदिवासी जंगल जाते हैं तो साथ में पेज भी ले जाते हैं। अगर जंगल में पानी नहीं मिलता तो पेज से काम चला लेते हैं। पेज कई अनाजों से बनता है। मक्का, कोदो, कुटकी आदि से पेज बनाया जाता है। अनाजों को दलिया की तरह कूटकर उसे गरम पानी में उबाला जाता है और नमक डालकर तैयार किया जाता है।

इससे दाल, चावल, पेज (सूप की तरह पेय), दाल, सब्जी सब कुछ मिलता है। खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण सुरक्षा होती है। मवेशियों को चारा मिलता है।

नरेश विश्वास ने कहा कि बैगाओं के पारंपरिक मिश्रित खेती में खाद्य सुरक्षा तो होती है स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ मवेशियों के लिए भरपूर चारा और भूसा उपलब्ध होता है। जलवायु बदलाव के दौर में भी मिश्रित खेती की उपयोगिता और बढ़ गई है, जिसमें प्रतिकूल मौसम को झेलने की क्षमता होती है। श्री विश्वास बैगाओं के पारंपरिक मिश्रित खेती की विविधता को बचाने और उनके इस खेती के अनाजों की उपयोगिता तथा उनके पारंपरिक जंगल आधारित खान-पान के ज्ञान को सहेज कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास में जुटे है।

मौसमी बदलाव के कारण जो समस्याएं और चुनौतियां आएंगी, उनसे निपटने में भी यह खेती कारगर है। कम बारिश, ज्यादा गर्मी, पानी की कमी और कुपोषण बढ़ने जैसी स्थिति में बेंवर खेती सबसे उपयुक्त है। इस खेती पर किताब लिखने वाले नरेश विश्वास का कहना है कि सूखा अकाल में भी बैगाओं के पास कोई न कोई फसल होती है। उनकी खेती बहुत समृद्ध रही है।

इस खेती में मौसमी उतार-चढ़ाव व पारिस्थितिकी हालत को झेलने की क्षमता होती है। इस प्रकार सभी दृष्टियों, खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, जैव विविधता और मौसम बदलाव में उपयोगी और स्वावलंबी है।

**यह खेती जैविक, हवा और पानी के अनुकूल और मिश्रित है। यह सुरक्षित खेती भी है कि चूंकि इसमें मिश्रित खेती होती है अगर एक फसल मार खा गई तो दूसरी से इसकी पूर्ति हो जाती है। इसमें कीट प्रकोप का खतरा भी नहीं रहता। इसमें रासायनिक खाद की जरूरत नहीं होती। यह खेती संयुक्त परिवार की तरह है। एक फसल दूसरी की प्रतिस्पर्धी नहीं है बल्कि उनमें सहकार है। एक से दूसरी को मदद मिलती है।**

## बीता सप्ताह

**3 मई**

- यूपी के गंगा एक्सप्रेस वे पर राफेल जगुआर ने दिखाई ताकत। वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने किया अभ्यास।
- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यूट्यूब एकाउंट भारत में बंद कर दिया गया।
- श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए केदारनाथ धाम के कपाट खुले।
- भारत से बुद्ध के पवित्र अवशेष वियतनाम पहुंचाया गया।

**4 मई**

- पहलगाम हमले के विरोध स्वरूप भारत ने पाकिस्तान से सभी आयात पर लगाया प्रतिबंध।
- छग के गरियाबंद में 9 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर हुआ।
- गोवा के शिरगांव के लैराई यात्रा में मंदिर में भगदड़ से 7 लोगों की मौत हो गई।
- भारत का पहला ए आई डेटा सेंटर पार्क छग की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर में होगा तैयार।

**5 मई**

- भारत सरकार ने पहलगाम हमले को लेकर चिनाब नदी का पानी रोका।
- योग गुरू बाबा शिवानंद का 128 साल की उम्र में निधन हो गया।
- श्रद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुले।
- ब्रिटेन की काउंटर रेर यूनिट ने 7 ईरानी नागरिकों को किया गिरफ्तार।

**6 मई**

- कंधार हाइजेक केस में मौलाना मसूद अजहर के साथ रिहा हुए मुश्ताक अहमद जरगर ने पहलगाम हमला करवाया था इसका खुलासा एनआईए ने किया।
- वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केसी वेणुगोपाल लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष बनाए गए।
- गृह मंत्रालय ने 7 मई को पूरे देश में मॉक ड्रिल कराने का निर्णय लिया।
- कंबोडिया में कैंसर से हर साल 14 हजार लोगों की मौत हो रही है।

**7 मई**

- ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर पहलगाम का बदला लिया।
- कर्नाटक के पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी को सीबीआई एक विशेष अदालत ने गैर कानूनी खनन मामले को लेकर 7 साल की सजा सनाई।
- भारत-ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता।
- 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत 130वें स्थान पर पहुंचा।

**8 मई**

- भारत ने तबाह किए आतंकियों के 9 ठिकाने।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ पर सुरक्षाबलों ने 26 नक्सली मार गिराए।
- दुर्ग में 5 दशक बाद फिर एक बार गूंजा सायरन, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल की गई।
- मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में पांच आईआईटी के विस्तार को मिली मंजूरी।

**9 मई**

- भारत ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह।
- छत्तीसगढ़ के बीजापुर इलाके में करेगुट्टा ऑपरेशन के बीच तेलंगाना के पांच जवान शहीद हुए।
- उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रेश होने से छह लोगों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश के सभी पंचायतों में एक साल के भीतर मिलेगी बैंकिंग सुविधा।
- केन्द्रीय रक्षामंत्री ने कहा हमारी सहशनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए, मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

## बलूच विद्रोहियों के बढ़ते हमलों सहित अनेक समस्याओं से घिरा पाकिस्तान

■ नित्य चक्रवर्ती

पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना द्वारा मिसाइल हमलों के दो दिन बीत गये हैं, और इस बीच दोनों देशों की सेना ने एक दूसरे पर हमले किये। नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों जगह एक जैसी तैयारियां देखने को मिल रही हैं, जो यह संकेत दे रही हैं कि पाकिस्तान 1999 में कारगिल युद्ध के बाद भारत के साथ एक और सैन्य टकराव के लिए तैयार हो रहा है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार रात को देशव्यापी संबोधन में भारत को चेतावनी दी कि वह अपने शहीदों के खून की एक-एक बूंद का बदला लेंगे। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और दो अन्य प्रमुखों को भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया। पाकिस्तान में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है, जैसा कि 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने स्थिति थी, जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 25 हिंदू पर्यटकों और एक स्थानीय मुस्लिम की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहां राजनीतिक दलों समेत पूरा देश पाकिस्तान सरकार से भारत से बदला लेने का आह्वान कर रहा था।

**प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।**

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था।

इसी तरह पाकिस्तान में भी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का जबरदस्त दबाव है। इमरान खान की पीटीआई समेत सभी राजनीतिक दलों ने उनका समर्थन किया है। सुरक्षा बल अब सैन्य कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं। लेकिन जवाबी कार्रवाई का स्वरूप क्या होगा, यह पाकिस्तान के लिए बड़ी दुविधा बनी हुई है। क्या पाकिस्तान आर्थिक संकट और बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा के एक हिस्से में गंभीर संकट की मौजूदा स्थिति में भारत में पूरी तरह सैन्य कार्रवाई कर सकता है?

भारतीय पक्ष लगातार कहता रहा है कि भारतीय वायुसेना ने उन नौ ठिकानों पर हमले किए, जहां समय-समय पर भारत पर हमले करने वाले आतंकवादी डेरा जमाये रहते हैं। इसका उद्देश्य केवल इन आतंकी शिविरों को नष्ट करना था। भारतीय वायुसेना ने किसी सैन्य स्थल पर हमला नहीं किया। पाकिस्तान इस बात से शायद ही इनकार कर सकता है। वैश्विक स्तर पर यह आम धारणा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, जिनमें से कई समय-समय पर भारत के खिलाफ काम करते हैं। पाकिस्तान यह दावा नहीं कर सकता कि भारत में आतंकी शिविर हैं, जहां वह हमला कर सकता है। इसलिए पाकिस्तान को अगर जवाबी कार्रवाई करनी है, तो उसे भारत में केवल सैन्य या नागरिक स्थलों पर ही हमला करना होगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में गोलाबारी में वृद्धि से पाकिस्तानी लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वे भारत को भारी नुकसान पहुंचाना चाहते हैं।

पिछले दो दिनों में ही विद्रोही बलूच सेना ने पाक सैनिकों पर जवाबी हमला किया और 14 सैनिकों को मार गिराया। पाक सेना को बलूच क्षेत्र में और अफगान सीमा पर भी पर्याप्त सैनिक तैनात करने होंगे, जहां टीटीपी सैनिक सक्रिय हैं। काबुल में तालिबान सरकार पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध नहीं रखती। बल्कि हाल के दिनों में नई दिल्ली के साथ काबुल के संबंध काफी बेहतर हुए हैं। पाकिस्तान उम्मीद कर सकता है कि चीन भारत के साथ सीमा पर नई दिल्ली को शर्मिंदा करने के लिए कुछ तलवारें लहरायेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सकता है, जैसा कि चीनी विदेश नीति के मौजूदा रुझान बताते हैं। चीन संयुक्त राष्ट्र में और बयानों के माध्यम से पाकिस्तान को कुछ सहायता दे सकता है, लेकिन चीन, भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी बड़े पैमाने पर टकराव में सीधे रूप से शामिल नहीं होना चाहेगा।

पहले से ही भारत और पाकिस्तान दोनों ही भारी दबाव में हैं, ताकि आगे कोई तनाव न बढ़े। अमेरिकी अधिकारी लगातार संपर्क में हैं। ईरान के रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान में बातचीत की। वे अभी नई दिल्ली में हैं। सऊदी अरब के मंत्री भी भारत और पाकिस्तान दोनों से बातचीत कर रहे हैं। अब उनके सामने चुनौती है कि वे पाकिस्तान को बड़ी जवाबी कार्रवाई करने से रोकें।

भारत के अनुसार, उसने अपनी सीमित कार्रवाई की है। जब तक पाकिस्तान बड़ी सैन्य कार्रवाई करके जवाबी कार्रवाई नहीं करता, तब तक यह आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर है। उन्हें तय करना है कि वे पाकिस्तान में धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत अति राष्ट्रवाद के दबाव के आगे झुकेंगे या पाकिस्तान के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जवाबी कार्रवाई का रास्ता छोड़कर बातचीत का रास्ता अपनायेंगे।

शहबाज को उनके बड़े भाई पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ सलाह दे रहे हैं, जो समझदार हैं। वह अपने छोटे भाई को सलाह दे रहे हैं कि वे जवाबी कार्रवाई करने से पहले सभी विकल्पों पर विचार कर लें। अगर सरकार जवाबी कार्रवाई करने और दक्षिण एशिया में एक और युद्ध को बढ़ावा देने से बचते हैं, तो पाकिस्तान को पश्चिम एशियाई देशों से सहायता में वृद्धि का आश्वासन मिल सकता है। इसी तरह अगर पूर्ण युद्ध होता है, तो आईएमएफ बेलआउट पैकेज अनिश्चित होगा। अगले 48 घंटे बतायेंगे कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और उनके सेना प्रमुख किस राह पर निर्णय लेते हैं?

## 'चीनी' के जहर के खिलाफ अमेरिका की लड़ाई



जगदीश रत्तनानी

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प ब्रिगेड का जंगल राज अमेरिकी अर्थव्यवस्था में पहले से ही नकारात्मक गिरावट ला रहा है, वहीं 2025 की पहली तिमाही में पर्यटकों के आगमन में नाटकीय रूप से कमी की सूचना दी गई है। उधर एलोन मस्क के चेनसॉ ने अमेरिकी सरकार के कई हिस्सों को प्रभावी ढंग से अपंग कर दिया है क्योंकि अधिकतर विभागों को छोटा या समाप्त कर दिया गया है लेकिन 100 वर्षों में नहीं देखे गए इस तूफान के बीच विवादास्पद अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी, जूनियर ने कुछ अच्छा कर दिखाने की ठानी है। पिछले पखवाड़े केनेडी ने तीन सरल शब्द कहे थे- 'चीनी जहर है'। इसके साथ ही उन्होंने बड़ी खाद्य कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों में शक्कर के उपयोग की जांच करने के लिए अपना एजेंडा निर्धारित किया। स्वास्थ्य सचिव ने कहा- 'अब से चार साल बाद, हम इनमें से अधिकांश उत्पादों को बाजार से बाहर करने जा रहे हैं; या जब आप किराने की दुकान पर जाएंगे तो आपको उनके बारे में पता चल जाएगा।'

यह एक नाटकीय और महत्वपूर्ण परिवर्तन है, पूरी तरह से सकारात्मक और स्पष्ट रूप से सही कदम है लेकिन यह एक 'गलत' व्यक्ति की ओर से उठाया गया है- जो अन्यथा एक साजिश रचने वाला विचारक है, वैज्ञानिक विरोधी मान्यताओं और टीकों के खिलाफ शेखी बघारने के लिए मशहूर है। चिकित्सा एवं अनुसंधान संगठनों का तर्क है कि वह अंतत: स्वास्थ्य नतीजों को नुकसान पहुंचाएगा और आबादी के बीच टीके के खिलाफ हिचकिचाहट बढ़ाएगा, जिससे बीमारी से लड़ना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। स्थिति ऐसी है कि स्वास्थ्य के खिलाफ स्वास्थ्य सचिव खड़े हैं। बहरहाल, कैनेडी के पास सोडा और मीठे पैक किए गए उत्पादों को बेचने वाले 'बिग फूड' (और 'बिग फार्मा') कंपनियों के खिलाफ एक बड़ा और सकारात्मक एजेंडा भी है जो अमेरिका में मोटापे और मधुमेह महामारी के लिए जिम्मेदार होने के लिए जाने जाते हैं। वे कहते हैं कि अमेरिका में 38 प्रतिशत बच्चे पहले से ही मधुमेह या प्रीडायबिटिक हैं।

इस बदलाव के कई पहलू हैं, परन्तु उल्लेखनीय बात यह है कि खाद्य पदार्थों में अधिकांश शक्कर की मिलावट या उपयोग दुनिया भर में और बेशक भारत में फैल गया है जिसकी जड़ें अमेरिकी खाद्य डिजाइन, पैकेजिंग और विपणन में हैं।

अगर वैश्वीकरण ने चीन में विनिर्माण नौकरियों और भारत में सॉफ्टवेयर सेवाओं में उछाल लाया, तो वैश्वीकरण ने इन लोगों के लिए चीनी और उच्च फ्रैक्टोज़ कॉर्न सिरप लोडेड सोडा, चिप्स, कपकेक और पैक किए गए भोजन के नाम पर एक गहरा धक्का दिया। दावा है कि यह जीवन शैली में सुविधा दिलाता है लेकिन यह सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य पर टिक टिक करने वाला टाइम बम बन गया है। उल्लेखनीय है कि आरएफ के जूनियर 'भोजन और भोजन जैसे पदार्थों' की बात करते हैं क्योंकि यह तर्क दिया जा सकता है कि पैक किए गए भोजन के रूप में जो कुछ बेचा जाता है वह खाद्यान्न जैसा होता है लेकिन खाद्यान्न बिल्कुल नहीं होता है।

हमने इस अभियान को भारत में बार-बार होते देखा है जहां दिग्गजों के खिलाफ नई जागरूकता और कुछ सक्रियता जड़ पकड़ रही है।

इस बात पर गौर करें- भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के तुरंत बाद एक वैश्विक खाद्य दिग्गज ने नाश्ते के रूप में कॉर्नफ्लेक्स लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि इसे भारतीयों द्वारा पसंद किया जाना चाहिए। कॉर्नफ्लेक्स के विज्ञापन पर भारतीय बाजार में लाखों डालर खर्च किए गए। प्रोमो में भारतीयों को कुल्चा, समोसे या इडली जैसे पारंपरिक गर्म नाश्ते को अस्वीकार करने और नए लॉन्च पर स्विच करने के लिए आमंत्रित किया जाता था। कॉर्नफ्लेक्स को एक ऐसा विकल्प बताया गया जो उपयोग में आसान, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक नाश्ता है। उसी कंपनी ने जल्द ही अपने नाश्ते के अनाज के कई प्रकार पेश किए, उन्हें आकार, आकर्षक रूप से लाल, नीले और भूरे रंगों में 'फ्रॉस्टी डस्ट' के साथ प्रस्तुत किया गया- सभी में चीनी व रंग थे जो और कुछ भी हो लेकिन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक थे। भारतीयों की आदतों को गर्म भारतीय भोजन से बदलकर अस्वास्थ्यकर पैक किए गए उत्पादों में बदलने की मांग पर जोर दिया जा रहा था।

यह उदाहरण कई खाद्य उत्पाद कंपनियों में से एक का है जिसने चीनी, कृत्रिम रंग और अपने उत्पादों में एडिटिव्स के वर्गीकरण (खाद्य में विभिन्न प्रयोजनों के लिए मिलाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पदार्थ शामिल हैं, जिनमें संरक्षण, स्वाद में सुधार, रंग निखारना और बनावट में बदलाव करना शामिल है) को आगे बढ़ाया है। फिर मार्केटिंग पेडल पर दबाव डाला और समय के साथ आम भारतीयों के स्वास्थ्य की कीमत पर व्यवसाय बनाने और बढ़ाने में सफल रहे। इनके लक्षित टारगेट में बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल हैं। देश की सबसे पुरानी परिचालित कंपनियों में से एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ने एक बार जैम को 'ब्रेन फूड' के रूप में पेश करने की कोशिश की और यह तब तक जारी रहा जब तक कि सरकार ने इस कंपनी को काल्पनिक दावा करने से रोक नहीं दिया।

आज भी भारत में कई प्रमुख खाद्य और पेय ब्रांड अपने आप में संदिग्ध सामग्री ले जाते हैं और यह अक्सर इतनी अधिक मात्रा में होता है जिसकी कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अनुमति नहीं दी जाएगी। कई भारतीय ब्रांड नियमों और कानूनों के बड़े उल्लंघनकर्ता हैं लेकिन प्रतिष्ठित, विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त और भारी विपणन वाले अंतरराष्ट्रीय ब्रांड उनके पैमाने और पहुंच देखने के बावजूद खाने के लिए बदतर हो सकते हैं।

सोशल मीडिया अभियानों ने इनमें से कई को 'भारत' बनाम 'रेस्ट ऑफ द वर्ल्ड' मैच-अप सूची में उजागर किया है और यह अक्सर ब्रांडों का मामला है जो भारत में अधिक चीनी और विभिन्न व कभी-कभी खतरनाक रासायनिक इनपुट के साथ दूर हो रहे हैं जबकि अन्य बाजारों में इनका स्पष्ट उल्लेख करते हैं।

भारत में ढीले नियम भी समस्या का एक हिस्सा हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) प्रणाली की सक्रियता के बारे में शक नहीं है लेकिन उसकी कमजोरी को उजागर करता है। इसमें क्षमता, पारदर्शिता, निरीक्षण की कमी और खराब प्रवर्तन के लिए कई अन्य चुनौतियों की समस्याएं शामिल हैं। भारतीय बाजार में अवसर का आकार अपने आप में एक समस्या है क्योंकि फायदा कमाने के लिए ब्रांड कुछ भी करेंगे और आम तौर पर सफलता पाते हैं यदि उनका टाईम होराइजन (टाईम होराइजन को अक्सर निवेश समय के रूप में संदर्भित किया जाता है। यह वह समय सीमा है जिसके दौरान कोई निवेशक किसी योजना में अपनी पूंजी का निवेश करता रहेगा। इस अवधि के बाद कोई निवेशक अपना निवेश वापस ले लेगा। आम तौर पर निवेश के उद्देश्य और रणनीतियां निवेश टाईम होराइजन तय करती हैं) बहुत सीमित नहीं है।

**अमेरिका में खाद्य कंपनियों के सामने एक अति आत्मविश्वासी, अति उत्साही प्रशासन के नेतृत्व में एक बड़ी चुनौती खड़ी है जो आसानी से न झुकने वाली शक्तिशाली खाद्य लॉबी को परिवर्तन के लिए बाध्य करने वाली है। उम्मीद है कि यह बदलाव ईमानदार भोजन का एक नया युग लाएगा जिसमें कंपनियों को अधिक बिक्री के लिए चीनी खिलाने के लिए महंगी कीमत चुकानी होगी।**

इस मामले को भारतीय उपभोक्ताओं में जागरूकता की (हाल तक की) सापेक्ष कमी और ब्रांडों को न केवल सामग्री के लिए बल्कि पैकेजिंग और विज्ञापन में जो कहा जाता है- स्वस्थ, तेज, स्मार्ट परिणाम देने के दावों के साथ, उसके लिए भी जिम्मेदार ठहराने की चुनौतियों के साथ जोड़ना चाहिए; या इसके कुछ प्रकार, काफी नियमित रूप से उपभोक्ताओं पर थोप दिए जाते हैं। ये बातें कंपनी के मार्केटिंग साहित्य (किसी उत्पाद, सेवा या विचार को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सभी लिखित सामग्री, प्रकाशन व दस्तावेज़, इसमें ब्रोशर, विज्ञापन, बिक्री पत्र और वेबसाइट सामग्री जैसी चीज़ें शामिल हैं जिनका उद्देश्य संभावित ग्राहकों को सूचित करना और उन्हें पटाना है) में फ़ीड करता है कि, कैसे एक ब्रांड 'बाधाओं' के खिलाफ सफल हुआ या कैसे एक 'रणनीति' विफल हो गई और बदल गई जिसके कारण उत्पाद की कीमत कम करनी पड़ी। इस प्रकार सीमित और संकीर्ण मार्केटिंग नीतियों का विवरण देने वाली प्लेबुक की सफलता का जश्न मनाने के बजाय मुद्दों के नैतिक आयाम को चिह्नित किया गया।

अमेरिका में खाद्य कंपनियों के सामने एक अति आत्मविश्वासी, अति उत्साही प्रशासन के नेतृत्व में एक बड़ी चुनौती खड़ी है जो आसानी से न झुकने वाली शक्तिशाली खाद्य लॉबी को परिवर्तन के लिए बाध्य करने वाली है। उम्मीद है कि यह बदलाव ईमानदार भोजन का एक नया युग लाएगा जिसमें कंपनियों को अधिक बिक्री के लिए चीनी खिलाने के लिए महंगी कीमत चुकानी होगी। भोजन में स्वाद, रंग, रंजक या अन्य योजक के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। नमक की सीमा चेक की जानी चाहिए। चीनी पर टैक्स लगाया जा सकता है। इन खाद्य दिग्गजों को आम लोगों की कीमत पर खुद को और अपने शेयरधारकों को अमीर बनाने की मुफ्त की सवारी समाप्त होनी चाहिए। यदि ट्रम्प प्रशासन इसमें से थोड़ा सा भी जनता को देने में मदद करता है तो यह एक ऐसे युग में जश्न मनाने का एक अच्छा परिणाम होगा जहां आम तौर पर अंधेरा दिखता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस)**

## सार समाचार

### दोपहर में जले ट्रांसफॉर्मर, शाम तक बिजली आपूर्ति हुई बहाल



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** दो अलग-अलग स्थानों पर आज अचानक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। पहली घटना कलेक्ट्रेट रोड स्थित गुलाब गार्डन के पीछे बनी कॉलोनी में हुई। यहां ट्रांसफॉर्मर के नीचे लगे बॉक्स में आग लगी। प्रदर्शनी के पास स्थित इस ट्रांसफॉर्मर से काफी देर तक चिंगारियां निकलती रहीं। दूसरी घटना दोपहर करीब 2 बजे सिंधी धर्मशाला के पास जामा मस्जिद के सामने हुई। नमाज से लौट रहे लोगों ने जलते ट्रांसफॉर्मर को देखा। दोनों घटनाओं की सूचना तुरंत बिजली कंपनी को दी गई। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों स्थानों की बिजली सप्लाई बंद कर दी। कर्मचारी मौके पर पहुंचकर मरम्मत में जुट गए। बिजली कंपनी के एसई एसके त्रिपाठी ने बताया कि लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफॉर्मर की केवल में आग लगी। गर्मियों में बिजली की खपत बढ़ने से ऐसी घटनाएं हो सकती हैं।

# भेलसी गांव के दो वार्डों के एक हजार लोग सिर्फ एक हैंडपंप के भरोसे







**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बल्देवगढ़ जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत भेलसी में जलसंकट गहराने लगा है। गांव के वार्ड 13 और 14 की आबादी पानी की एक-एक बंद के लिए परेशान हो रही है। वार्ड की महिलाओं से लेकर बच्चे एक हैंडपंप के सहारे पानी भरने के लिए मजबूर हैं। ग्राम पंचायत भेलसी के वार्ड 13-14 की आबादी 1000 है।

दोनों वार्डों में पानी की आपूर्ति के लिए दो हैंडपंप लगे हुए हैं। जिसमें से एक हैंडपंप सूख गया है। वहीं दूसरे हैंडपंप में पतली धार से पानी आ रहा है, जिसमें एक घंटे बैठने के बाद भी एक बर्तन पानी ही नसीब हो पा रहा है। दोनों वाडों में पानी के लिए एक सार्वजनिक कुआं तक नहीं है। ऐसे में दोनों वार्ड के लोग 500 मीटर दूर से पानी भरकर ला रहे हैं।

गांव के रामप्रसाद आदिवासी, भुजबल सौर ने बताया कि दोनों वाडों में 80 प्रतिशत आबादी आदिवासी और पिछड़े परिवारों की है। सभी लोग हर दिन मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। लेकिन पानी की किल्लत के कारण लोग मजदूरी तक के लिए नहीं जा पा रहे हैं। मीडिया टीम ने जब गांव के वार्ड 13 और 14 में पहुंचकर पानी की स्थिति को जाना तो गांव के युवा, महिलाएं, पुरुष हैंडपंप पर पानी भरते हुए नजर आए।

गांव की सीता वंशकार का कहना है कि वार्ड में एक हैंडपंप लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। बचे हुए एक हैंडपंप पर इतनी भीड़ लगती है कि 4 घंटे बीत जाने के बाद भी 2 बाल्टी पानी ही भर पता है। गांव के लोगों ने बताया कि गांव में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए घर-घर पाइप लाइन बिछा दी गई है। टंकी का निर्माण भी हो गया है लेकिन अभी तक पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। वहीं गांव में पहले बनी टंकी भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसकी अभी तक मरम्मत नहीं करवाई गई है। उन्होंने बताया कि गांव में पंचायत द्वारा पानी के टैंकर की भी कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। ऐसे में हम लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए मोहताज हो गए हैं टंकी से पानी की सप्लाई शुरू हो तो दूर होगी किल्लत गांव के लोगों का कहना है कि गांव में नल जल योजना के तहत घर-घर तक पाइप लाइन बिछा दी गई है। कनेक्शन भी दे दिए गए हैं, टंकी भी बनकर तैयार हो गई है। ऐसे में यदि पानी की सप्लाई शुरू हो जाए तो लोगों को पानी की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। इसके अलावा दोनों वार्डों में एक-एक सार्वजनिक बोर हो जाने से भी पानी की समस्या दूर हो सकती है। अफसरों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। जब इस संबंध में आर.के.रावत, एसडीओ पीएचई विभाग बल्देवगढ़ से मोबाइल की बैल बजती रही लेकिन मोबाइल रिसीव करना उचित नहीं समझा।

# भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को लेकर परामर्श जारी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को दृष्तिगत रखते हुए टीकमगढ़ जिलेवासियों से सामाजिक समरसता, सदभावना व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है एवं इन परिस्थितियों में आमजन से जारी की जा रही एडवाइजरी अनुरूप व्यवहार करने की अपेक्षा की जा रही है।

भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति में सामुदायिक शांति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस तरह के संवेदनशील समय में सोशल मीडिया पर फेक जानकारी या भड़काऊ पोस्ट न करें। टीकमगढ़ जिलेवासियों से अनुरोध है कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति में किसी भी प्रकार से धार्मिक या सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने वाले संदेश, फोटो/वीडियो या पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा न करें। ऐसे समय में अफवाहों से बचें और आपसी भाईचारे, शांति और एकता का वातावरण बनाए रखें । गैर कानूनी गतिविधियों से बचें किसी भी प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल न हो, कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे जिले की शान्ति व्यवस्था भंग हो।

सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें व्हाट्सअप, फेसबुक ट्वीटर , इन्स्टाग्राम आदि पर किसी भी जाति धर्म सम्प्रदाय या वर्ग विशेष के विरूध्द उत्तेजनात्मक, भडकाने वाले,आपत्तिजनक पोस्ट न करें। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म और व्हाट्सअप ग्रुप्स पर निगरानी रखी जा रही है किसी प्रकार के आपत्तिजनक साम्प्रदायिक उन्मांद फैलाने वाले और शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले मैसेज सोशल मीडिया पर प्रसारित न करें।

सभी व्हाट्सअप ग्रुप्स एडमिन से टीकमगढ़ पुलिस का अनुरोध है कि वे अपने ग्रुप मे सभी जुडे सदस्यो को यह समझाए कि ग्रुप में साम्प्रदायिकता के संबंध में भ्रांति फैलाने वाले मैसेज या कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी प्रकार कि कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करे ओर न ही उन्हे फॉर्वड / शेयर करें ।

आपकी सभी गतिविधियां टीकमगढ़ पुलिस की निगरानी में है यदि कोई व्यक्ति ऐसी पोस्ट या टिप्पणी करता पाया जाता है तो उसके विरुध्द कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। मोबाइल पर आई किसी अनजान लिंक को क्लिक न करें, अनजान एप्लीकेशन को डाउनलोड न करे।

सभी होटल एवं लॉज संचालक को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने यहाँ रुकने वाले समस्त लोगों की सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित करे और रुकने वाले समस्त लोगो के वैध दस्तावेजों को चेक करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में ठहरने आता है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना को प्रदान करें। समस्त मोबाइल सिम कार्ड विक्रेताओं को सख्त रूप से निर्देशित किया जाता है कि सिम कार्ड विक्रय के दौरान वैध दस्तावेजों का सावधानी से निरीक्षण करें और सम्पूर्ण वैधानिक प्रक्रिया का पालन करें।

यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति सिम कार्ड खरीदने आता है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना को प्रदान करे। समस्त कियोस्क संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि आपके यहाँ ऑनलाइन भुगतान/रुपये हस्तांतरण हेतु आने वाले समस्त व्यक्तियों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में संधारित करे। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति रुपये हस्तांतरण हेतु आता है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना को दे।

### 71 सजायाब को औचक चैक कर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

# 1 माह में 1061 गुंडों, 612 निगरानी बदमाशों सहित 65 जेल से रिहाई



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों की निगरानी हेतु मासिक अभियान चलाया गया।

उक्त मासिक अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम, अनुबिभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ एवं जतारा के मार्गदर्शन में समस्त थाना/ चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र में मोबाइल पार्टियों,पैदल पार्टियों के माध्यम से गश्त करते हुए 1061 गुंडा ,612 निगरानी बदमाशों , ,जेल से रिहा हुए 65 पूर्व अपराधियों ,71 सजायाब को औचक रूप से चैक किया गया जो अपने पते पर मिले उनसे दैनिक जानकारी ली गई एवं जो पते पर नहीं मिले उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

पुलिस की रात्रि गश्त पार्टियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए धार्मिक स्थलों, स्थानों,सराफा दुकानों,न्यायालय परिसर,ट्रेजरी,बैंक,एटीएम सहित महत्वपूर्ण स्थानों को चैक किया जा रहा है एवं देर रात्रि में फालतू घूम रहे युवाओं/व्यक्तियों से पूंछ ताँछ की जा रही है एवं संदिग्ध स्थिति को देखते हुए वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है।

# बारीघाट फिल्टर प्लांट के बांध का जलस्तर हुआ कम, एक दिन छोड़ मिल रहा पानी



**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** बारीघाट फिल्टर प्लांट के पास जामनी नदी में बने स्टॉप डैम का जलस्तर कम हो गया है। इससे शहर के 27 वार्डों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। नगर पालिका ने नलों में पानी की सप्लाई 2 दिन के अंतराल पर कर दी है। बारीघाट फिल्टर प्लांट में पानी की स्टोरेज क्षमता कम है। गर्मियों में हर साल स्टॉप डैम का जलस्तर तेजी से घटता है। नगर पालिका सीएमओ ने गर्मियों में पानी की कमी न होने का दावा किया था। लेकिन पिछले एक सप्ताह से नलों में दो दिन के अंतराल पर पानी दिया जा रहा है।

वार्ड 26 के निवासी सुंदर आदिवासी ने बताया कि आदिवासी बस्ती में अभी तक पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। लोगों को हैंडपंप से पानी भरना पड़ता है। वार्ड 17 के प्रमोद चतुर्वेदी के अनुसार पाइपलाइन में पानी का प्रेशर कम होने से कई घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।

नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि बारिश के मौसम तक यही व्यवस्था जारी रहेगी। अमृत 2 प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद स्थिति में सुधार होगा। जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं।

# बिजली का पोल बीच सड़क पर दे रहा, विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही से हो सकता है हादसा



**खरगापुर, देशबन्धु।** विद्युत विभाग की जिम्मेदारी लापरवाही के चलते नगर में कई विद्युत पोल बड़े हादसों का संकेत दे रहे है। इन पोलों की देखरेख के अभाव में जर्जर विद्युत पोल हादसे को निमंत्रण दे रहे है। इन पोलों को लेकर तमाम शिकायतों के बावजूद भी । संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हुए बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त पोलों की जानकारी तक उपलब्ध नहीं है।

मामला खरगापुर गल्ला मंडी की नवनिर्मित दुकानों के सामने जतारा रोड पर लगे बिजली का खंभा सीसी सड़क पर अलग से टूटा पड़ा हुआ। उसी खन पोल के सहारे बिजली विभाग द्वारा आपूर्ति दी जा रही है। इस जतारा मार्ग से बस, ट्रक और मोटर साइकिल और पैदल चलने वालों लोगों के साथ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसकी सूचना लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। लेकिन सूचना के बाद भी टूटे बिजली के खंभे को दुरुस्त नहीं किया गया है। ऐसे में बिजली विभाग की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### जागरूक नागरिक :

नगर के जतारा मार्ग पुरानी गल्ला मंडी की दुकानों के सामने सीसी सड़क पर विद्युत पोल कई दिनों से टूटा पड़ा हुआ। समय रहते अगर इस पोल को सही नहीं करवाया जाता है, तो बड़ा हादसा हो सकता है। यह पोल कभी भी गिर सकता है।

**पार्षद बाली रैकवार नगर खरगापुर**

विद्युत खम्भा टूटा हुआ सीसी सड़क पर हमेशा हादसा होने का डर सताता है। इस संबंध में कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया, मगर समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### आज से 10 जून तक आयोजित किए जाएंगे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर पर 10 मई से प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक एवं शाम 05 बजे से 07 बजे तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह खेल प्रशिक्षण शिविर 10 मई से 10 जून तक आयोजित किए जाएंगे। इन खेल प्रशिक्षण शिविरों के तहत जिला स्तर पर वृहद स्टेडियम में फुटबॉल, बॉक्सिंग तथा सीहोर इंडोर स्टेडियम पर बेडमिंटन, कराटे, टेबल टेनिस आदि आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही सीहोर स्थित पीजी ग्राउंड पर एथलेटिक्स आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार आष्टा में मुखर्जी मैदान एवं आउटडोर स्टेडियम पर वॉलीबॉल, कराटे आयोजित किए जाएंगे। इछावर मे शिवाजी मैदान गंजीबढ पर फुटबॉल एवं वॉलीबॉल, भैरूंदा स्थित कबड्डी खेल परिसर में खो-खो तथा बुधनी में बैडमिंटन एवं कराटे निशुल्क खेल प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

# जल गंगा सर्वधन अभियान : नगर परिषद ने लगाई पानी चौपाल



**भेरून्दा, देशबन्धु।** जल गंगा सर्वर्धन अभियान के तहत आज नगर परिषद द्वारा पानी की चौपाल का आयोजन किया गया। जाएगा। जिसमें नगर परिषद भेरूंदा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रफुल्ल गठरे के निर्देश से वार्ड क्रमांक 1,2,5,6,7,9, मैं जल गंगा सर्वधन अभियान चलाया गया।

जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने वार्ड क्रमांक 7 में लोगों को पानी बचाओ के तहत जानकारी दी और जागरूक किया। सभी वार्डवासियों से संवाद किया, जिसमें उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुकेश अग्रवाल, इसी प्रकार वार्ड क्रमांक एक में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कैलाश धावरे ने पानी बचाओ अभियान के तहत नागरिकों को जागरूक किया एवं संवाद किया और वार्ड क्रमांक 6 में राहुल सोलंकी के द्वारा वार्डवासियों को पानी बचाओ अभियान के तहत जानकारी और समझाइश दी गई। इस प्रकार वार्ड क्रमांक 9 में भी वार्ड वासियों को पानी बचाओ अभियान की जानकारी दी गई। जिसमें उपस्थित रहे। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कैलाश धावरे वार्ड, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शमीम खान, एवं नगर परिषद इंजीनियर दीपक यादव एवं इंजिनियर केवलराम कुशवाहा, वार्ड प्रभारी एवं सभी वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### आपातकालीन स्थिति से निपटने और आवश्यक व्यवस्था बनाए रखने समन्वय बैठक में हुई चर्चा

# शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च





**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को दृष्टिगत रखते आज पुलिस कंट्रोल टीकमगढ़ में जिले के सभी शासकीय विभाग प्रमुखों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई।

समन्वय बैठक में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्तमान में निर्मित तनावपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए बताए उपायों के बारे में जानकारी दी गई एवं विभिन्न विभाग प्रमुखों से इस स्थिति से निपटने के लिए इनके द्वारा जो कार्य किए जाने हैं उसकी जानकारी देकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बताया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीकमगढ़ को जिले में स्थित सभी शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों की समस्त जानकारी रखने एवं उपरोक्त अस्पतालों में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवगत कराया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि आंतरिक सुरक्षा योजना के तहत 33 बिंदुओं पर जानकारी तैयार कर कार्यवाही संचालित कर दी गई है । जिले में धार्मिक एवं सामरिक दृष्टि से एक ही स्थान कुण्डेश्वर महादेव का मंदिर है जिसकी सुरक्षा एसडीओपी एवं थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा निरंतर चैक पॉइंट व पेट्रोलिंग के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। टीकमगढ़ में कोई भी विदेशी नागरिक होना अभी ज्ञात नहीं हुआ है। वहीं असूचना संकलन को प्रभावी रूप से सक्रिय कर दिया गया है । धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को चिन्हित कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है । संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पेट्रोलिंग की जा रही और विस्फोटक पदार्थों की चैकिंग एवं तस्दीक राजपत्रित पुलिस अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जिला सेनानी होमगार्ड को एसडीआरएफ की टीम एवं वालंटियरों को आपातकालीन स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य हेतु संसाधन सहित आकस्मिक त्वरित तैयारी रखने एवं अभ्यास करने हेतु बताया गया । एनसीसी ,स्काउट,फारेस्ट बिभाग के अधिकारियों से उपरोक्त परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य हेतु समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस द्वारा 60 आपदा मित्र भी बनाए हैं, जिसमें सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों की सहायता ली जाएगी। ब्लैकआउट एवं सायरन अलर्ट के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही जिले के पुलिस कंट्रोल रूम को आपातकालीन कंट्रोल रूम बनाए जाने के आदेश दिए गए जो 24 घंटे संचालित रहेगा एवं जिसका प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल को बनाया गया है ।

साथ ही बैठक में उपस्थित कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को उनके आपातकालीन परिस्थिति में कार्य के संबंध में भी जानकारी दी गई एवं विस्फोटक सामग्री की जांच करने एवं ज्वलनशील पदार्थों की जांच हेतु समन्वयात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । संभावित आपातकालीन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को टीकमगढ़ स्थित नजर बाग परिसर के आसपास मॉक ड्रिल की जाएगी ।

## सार-समाचार

### जल गंगा संवर्धन अभियान में तालाब के घाटों पर की सफाई



**रायसेन, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ ही जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बारिश के अधिक से अधिक पानी को संग्रहित करने हेतु जल संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को भी जल का महत्व बताते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायसेन में नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में विधायक प्रतिनिधि, पार्षदगण, सीएमओ सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा दशहरा मैदान के समीप स्थित पूरन तालाब के घाटों की सफाई की गई। साथ ही तालाब के किनारों पर जमा मिट्टी और गाद भी निकली गई।

### जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 14 मई को

**रायसेन, देशबन्धु।** जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में 14 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अनमोल 2.0 की वर्तमान स्थिति, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, दस्तक, एनआरसी, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, एनसीडी स्क्रीनिंग, निरोगी काया अभियान, परिवार कल्याण सेवाएं, कायाकल्प अभियान, मातृ मृत्यु प्रकरण, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहित अन्य विषयों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों में आज लोक अदालत

**रायसेन, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 को वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय रायसेन में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ सुबह 10.30 बजे जिला न्यायालय के सभागृह में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामलें जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामलें तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

---

#### सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक नागरिक सेवाओं को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# खाद्य आपूर्ति सहित सभी विभाग अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें: कलेक्टर




**रायसेन, देशबन्धु।** शासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक नागरिक सेवाओं के संबंध में दिए गए निर्देशों के अनुरूप कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिले में सुरक्षा व्यवस्था तथा सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार, डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेन्ट उमेश तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आवश्यक नागरिक सेवाओं से जुड़े विभाग जैसे खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पेयजल सहित अन्य विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। साथ ही आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं, परिवहन आदि को और मजबूत कर लें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस प्लान अंतर्गत संबंधित विभाग व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सबसे महत्वपूर्ण है कि हमारे पास जो संसाधन उपलब्ध है, उनकी मैपिंग हो। आकस्मिक स्थिति में खाद्यान्न उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल आपूर्ति, परिवहन हेतु कार्ययोजना तैयार रहे। सभी एसडीएम द्वारा अनुभाग स्तर पर पुलिस, स्वास्थ्य, खाद्य नागरिक आपूर्ति, नगरीय निकाय सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर ली जाए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि यह तैयारियां एहतियातन की जा रही हैं। इसमें किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपात स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन हेतु सभी संसाधन शीघ्र उपलब्ध हो तथा कार्यशील हों, यह सुनिश्चित किया जाए। अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों तथा व्यक्तियों के मोबाईल नम्बर भी सभी के पास उपलब्ध हों। बैठक में डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमान्डेन्ट उमेश तिवारी द्वारा सिविल डिफेंस प्लान में शामिल विभिन्न सेवाओं स्वास्थ्य सेवा, बचाव सेवा, हताहत सेवा, प्रशिक्षण सेवा, संचार सेवा, कल्याण सेवा, परिवहन सेवा सहित अन्य सेवाओं हेतु कार्ययोजना तथा तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, एसडीओपी, बीएमओ तथा अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

### खाद्य तेलों की आत्मनिर्भरता बढ़ाने ऑइल सीड क्रॉप को दिया जाएगा बढ़ावा

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में खाद्य तेलों की आत्मनिर्भरता बढ़ाने ऑइल सीड क्रॉप को बढ़ावा देने हेतु नेशनल मिशन ऑड इंडिबल ऑइल योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में उप संचालक कृषि दुष्यंत कुमार धाकड़ ने बताया कि केन्द्र प्रवर्तित योजना एनएमईओ-ओएस वर्ष 2024-25 से 2030-31 तक पांच वर्ष हेतु लागू की गई है। जिसका उद्देश्य तेल बीज फसलों के उत्पादन को बढ़ाने तथा आयतित खाद्य तेलों पर निर्भरता को कम कर देश में तेल का उत्पापदन बढाना है। इस योजना के तहत जिले में तेलीय फसलों की नवीन किस्मों का उपयोग करने किसानों में प्रचार-प्रसार के माध्याम से बढावा देना एवं तेल बीज उत्पादक किसानों और वैल्यू चैन पार्टनर को प्रोसेसर के साथ जोडना है। बैठक में वैल्यू चैन पार्टनर हेतु प्राप्त आवेदन का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया जिनमें श्री जी कृषक उत्पादक संगठन सिलवानी, बेगमगंज फार्मर प्रोडॅयूसर कंपनी बेगमगंज तथा सनसेट फार्मर प्रोडॅयूसर कंपनी गैरतगंज शामिल है। बैठक में श्री सहायक संचालक उदयानिकी आरएस शर्मा, एलडीएम श्री एचएस सोनी, कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा से कृषि वैज्ञानिक डॉ मुकुल कुमार तथा डॉ रंजीत राघव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# एसडीएम की कार्यप्रणाली से आमजन परेशान

**रायसेन, देशबन्धु।** गैरतगंज एसडीएम पल्लवी वैद की कार्यप्रणाली से इन दिनों आमजन परेशान हैं। अव्वल तो मैडल के सख्त मिजाज के चलते लोग कार्यालय जाने से कतराते हैं। उनके रवैये से तहसील और एसडीएम दफ्तर में कार्यरत कर्मचारी भी नाराज हैं। अपने काम के लिए एसडीएम कार्यालय के चक्कर काट रहे कुछ लोगों ने नाम न छापने की बताया कि एसडीएम कार्यालय में लंबित प्रकरणों का ढेर लगा हुआ है। इसके बाद भी अव्वल तो मैडम कार्यालय में बैठती ही कम हैं। जब कार्यालय में बैठती हैं, तब भी काम की गति में कोई खास फर्क नहीं पड़ता।

सूत्र बताते हैं कि एसडीएम कार्यालय में दलाल सक्रिय हैं, इस मामले की शिकायत तहसीलदार और एसडीएम से भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस का कार्रवाई सामने नहीं आई है।

एसडीएम मैडम वैध का यह हाल है किसी से कोई सामान खरीद लेने के बाद उसे महीनों से चक्कर लगवाना उनका शगल बन गया। आज ले जाना कल ले जाना, अभी कार्ड खराब है, कभी मोबाइल खराब है, तो बाबू से बोल देती हूं , थोड़ी कड़की चल रही है, जैस बातें सुनकर दुकानदार परेशान हैं। मैडम वैध कभी रायसेन तो कभी भोपाल में होने की बात कहकर दफ्तर नहीं आती। इस सब बातों पर चर्चा के लिए जब संवाददाता ने कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा से शिकायत की तो उन्होंने इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया।

# हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल टॉपर विद्यार्थियों का किया सम्मान



**सिलवानी, देशबन्धु।** शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में ब्लॉक स्तर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल टॉपर विद्यार्थियों का एसडीएम पी.सी.शाक्य, तहसीलदार भरत मांडले एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रानी अहिरवार द्वारा बच्चों का सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवम अभिभावक उपस्थित रहे।

---

# प्रतिबंध के वाबजूद हो रहा बोरवेल खनन

> कलेक्टर के आदेश की खुलेआम उड़ रही धज्जियां



**सिलवानी, देशबन्धु।** ग्रीष्मकालीन में पेयजल की समस्या न उत्पन्न हो इसके लिए जिले के कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा गत दिनों जिले में नवीन बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिये थे। विशेष परिस्थिति में एसडीएम की अनुमति से बोरवेल खनन किया जा सकता है, लेकिन सिलवानी विकासखण्ड में इन दिनों धड़ल्ले से बोरवेल खनन चल रहा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या गहराने लगी है।

कलेक्टर के आदेश को दरकिनार कर बोरवेल मशीन संचालक खनन कर रहे है। वही विकासखण्ड के जिम्मेदार अधिकारी भी कलेक्टर के आदेश का पालन करवाने रुचि नही दिखा रहे है।जिससे कलेक्टर का आदेश दिखावा बनकर रह गया। जिससे कही न कही जिम्मेदार अधिकारियों पर सवालिया निशान उठने लगे है। हैरत की बात तो यह कि बोरवेल मशीन संचालक दिन के बजाय रात्रि में बोरवेल खनन कर रहे है।

### इनका कहना है

विकासखण्ड क्षेत्र में यदि कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद बिना अनुमति के बोरवेल खनन हो रहा है तो यह नियम के विपरीत है। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कही से भी बोरवेल खनन की शिकायते प्राप्त हो रही है तो तुरंत संज्ञान लें।

**पीसी शाक्य,**
**एसडीएम सिलवानी**

# निर्माणाधीन नाले ने बढ़ाई दुकानदारों की मुश्किलें, बेमौसम बारिश से और बढ़ गई समस्या



**सांची, देशबन्धु।** नगर में लंबे समय से चल रहा नाले का निर्माण दुकानदारों और स्थानीय व्यवसायियों के लिए मुसीबत बन गया है। पौने तीन करोड़ की लागत से हो रहा यह निर्माण कार्य कछुआ गति से आगे बढ़ रहा है, जिससे रोज़मर्रा की गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। एनएच किनारे बन रहे इस नाले की चौड़ाई करीब चार फीट और गहराई पांच फीट है। कुछ दुकानों के सामने इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन खुले छोड़ दिए गए निर्माण स्थल लोगों के लिए खतरे का कारण बन गए हैं। इससे न सिर्फ दवा दुकानों और निजी क्लीनिकों तक मरीजों की पहुंच बाधित हो रही है, बल्कि स्थानीय दुकानदारों का व्यवसाय भी लगभग ठप्प हो चुका है। इन दिनों बेमौसम बारिश के चलते मिट्टी सड़कों पर फैल चुकी है, जिससे कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के कारण आए दिन मरीजों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण में सबसे बड़ी बाधा अतिक्रमण बना हुआ है, जिसे हटाने में प्रशासन असहाय नजर आ रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि प्रभावी अतिक्रमणकारियों के सामने प्रशासन की कार्रवाई लचर हो चुकी है। व्यवसायियों ने नगर परिषद सीएमओ रामलाल कुशवाह से मिलकर अपनी समस्याएं रखीं। सीएमओ ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है, जबकि नगर परिषद जनप्रतिनिधि भी लगातार नाले निर्माण हेतु प्रयास रत हैं बावजूद इसके अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह खुला नाला पड़ा रहा तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

---

# प्रसूताओं के पंजीयन में लाएं तेजी, लापरवाहों पर करें कार्रवाई: कलेक्टर




**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर पार्थ जयसवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं में कसावट लाने, प्रसूताओं के पंजीयन व जांचे कराने में तेजी जाने के निर्देश देते हुए कहा काम में लापरवाही करने वालों पर कडी कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने कम प्रसव पर नाराजगी जताते हुए इसकी जांच के निर्देश देकर ग्राम करीं, सीलोन और कुर्राहा में प्रसव संख्या अत्यंत कम पाई जाने पर इन गावों को 108 एंबुलेंस सेवा से जोड़ने पर जोर दिया। कलेक्टर ने सभी बीएमओ को 7 दिन में अपने-अपने क्षेत्रों के सभी डिलीवरी प्वाइंट्स का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा प्रसव संख्या में कमी के कारण पता करें, इस बारे में सीएमएचओ स्पष्टीकरण दें। ग्राम पाथा में होम डिलीवरी अधिक होने की जांच के लिए लवकुशनगर के बीएमओ को निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों के पुनर्वास में लापरवाही पर लवकुशनगर के सीडीपीओ और बीएमओ द्वारा कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केंद्र में भर्ती न किए जाने पर उनकी एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सीएमएचओ को बड़ामलहरा, ईशानगर और लवकुशनगर क्षेत्र की निगरानी की जिम्मेदारी भी दी।

बैठक मे एसएनसीयू, मृत्युदर, अप्रैल 2025 तक की पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट की स्थिति, एनआरसी की प्रगति की समीक्षा करके स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग को उसमें और सुधार के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सीएमएचओ डॉ आरपी गुप्ता सहित बीएमओ, डॉक्टर और संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**लापरवाह आशा को सेवा से पृथक करें:** कलेक्टर ने प्रसूताओं के देर से पंजीयन करने और एएनसी न होने की शिकायत पर संबंधित आशा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा यदि कोई आशा कार्यकर्ता कर्तव्यपालन में लापरवाही करे तो उसे तत्काल सेवा से पृथक किया जाए। प्रसूताओं की सतत निगरानी करने और सभी अस्पतालों में डिलीवरी प्वाइंट प्रभावी तरीके से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। पीपीआईयूसीडी शून्य रहने पर बीएमओ राजनगर को कारण बताओ नोटिस दिया गया। कलेक्टर ने जिले में होने वाले सभी प्रसव एवं जन्म लेने वाले शिशुओं में लो वर्थ वेट की संख्या ट्रैक करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग को समन्वय से कार्य करके यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नवजात शिशुओं को आवश्यक पोषण समय से दिया जाए।

**हाई रिस्क प्रसूताओं की निगरानी के निर्देश:** कलेक्टर ने पीएमएसएमए व ई-पीएमएसएमए की समीक्षा करते हुए सभी बीएमओ को निर्देशित किया कि हाई रिस्क प्रसूव वाली महिलाओं का डेटा सीडीपीओ से साझा करें और हर माह 9 व 25 तारीख को निगरानी करें। जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री जयसवाल ने जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना व भुगतान की की समीक्षा करते हुए बीएमओ गौरिहार को भुगतान में खराब प्रदर्शन के कारण कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए हैं।

# गहराया जलसंकट: सूख गए नल, पानी खरीदकर चला रहे काम



**बक्सवाहा, देशबन्धु।** नगर में गर्मी आते ही जलसंकट गहरा जाने से लोगों की परेशानी बढ गई है। कई वार्डों में जलप्रदाय ठप हो जाने से नल सूख गए हैं। लोग दूर से पानी ढोकर या मंहगा पानी खरीदकर किसी तरह से काम चला रहे हैं। कहने को तो मुख्यमंत्री जल योजना के तहत नगर परिषद घर-घर नल कनेक्शन देकर एक दिन छोड़कर जल आपूर्ति कर रही है। मगर सच्चाई ये है कि नगर के कई हिस्सों में जल प्रदाय लंबे समय ठप है। लोग पानी के लिए परेशान घूम रहे हैं। वार्ड 6 के शरद पराशर ने बताया नगर के कुल 15 वार्ड में से अधिकांश में पिछले एक महीने से जलप्रदाय नहीं हो रहा है। वार्डों में सुबह से ही लोग पानी की तलाश में जुट जाते हैं। बडी संख्या में लोग कुओं और हैंडपंपों से पानी ढोकर किसी तरह काम चला रहे हैं। कई लोगों को निजी टैंकर्स से पानी खरीदना पड रहा है। लोगों का आरोप है केवल कागज़ों में ही जल योजना और जलप्रदाय सुचारु हो रहा है। जबकि सच्चाई ये है कि लोगों को बूँद-बूँद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

---

#### खेड़ापति मंदिर के समान गंदगी पर निगम आयुक्त ने जताई नाराजगी

# दरोगा, स्वच्छता निरीक्षक सहित 3 का का 7-7 दिन का वेतन रोका

> वर्षाकाल के पूर्व बड़े नालों की सफाई की जाएगी, 50 कर्मचारियों का बनेगा विशेष दल : आयुक्त




**देवास, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा विधायक महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले की बैठक ली गई जिसमें खेड़ापति मंदिर के सम्मुख गंदगी पाई जाने जिससे कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होने पर क्षेत्र के दरोगा राजकुमार कल्याणे, स्वच्छता निरीक्षक विजय सांगते एवं सहा. स्वास्थ्य अधिकारी भूषण पवांर के 7-7 दिवस के वेतन को रोका गया तथा भविष्य में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई जाने पर विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित करने के सख्त चेतावनी भी दी गई।

बैठक में वर्षाकाल में बड़े नालों की की सफाई, जल जमाव वाले क्षेत्रों के चिन्हांकन करने साथ ही मुख्य मार्गों की व्यापक सफाई करने की कार्य योजना बनाने के निर्देश जारी किये गये। आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिये कि बड़े नालों की सफाई व्यापक रूप से कर इससे निकलने वाले गाद को भी शीघ्र उठाया जावे। तथा शहर में तीन बत्ती क्षेत्र, बस स्टेण्ड, मुक्धिाम व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जल जमाव की स्थिति नहीं बनने पाये। बड़े नालों की सफाई में सुरक्षा उपकरणों के साथ ही संसाधनों में जेसीबी आदि लगाए। निगम द्वारा इस कार्य हेतु 50 कर्मचारियों का विशेष दल बनाया जायेगा। छोटे नालों एवं नालियों में जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां मरम्मत करें। बैठक में निगम उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसौदिया, सहा. यंत्री जगदीश वर्मा, उपयंत्री दिनेश चौहान एवं उपयंत्री, सहा.स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### क्या वर्षाकाल पूर्व होगी बड़े नालों की सफाई

नगर निगम प्रतिवर्ष वर्षाकाल के पूर्व बड़े नालों की व्यापक सफाई की बाते करता है साथ ही सफाई के दावे भी करता है परन्तु प्रतिवर्ष बारिश के दौरान का नतीजा ओर नगर निगम के दावो की पोल खुल जाती है। नालियों से उफनता गंदा पानी जब सड़कों पर बहता है तो वह शहर की सुंदरता के साथ शहर की छवि को भी खराब करता है। लेकिन अब देखना होगा इस वर्ष क्या नगर निगम पूर्व से ही तैयारी कर शहर की सुंदरता और छवि दोनों को बरकरार रखेगा या इस वर्ष भी वर्षा के दौरान प्रतिवर्ष अनुसार की स्थिति से ही जनता को सड़कों पर गंदे नाले के पानी का बहाव देखने को मिलेगा?

## सार-समाचार

### एसडीएम एवं जपं सीईओ ने खेरीकला का भ्रमण किया

**सागर, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सीईओ जनपद केसली द्वारा अनुविभाग केसली की ग्राम पंचायत खेरीकला का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सुनार एवं सिंधुर नदियों के उद्गम स्थल का निरीक्षण किया तथा स्थानीय समितियों की सक्रिय सहभागिता से नदी संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में कार्य आरंभ किया गया। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं विभिन्न समितियों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया तथा अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि आने वाले समय में इन नदियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास जारी रहें। इस अवसर पर जल स्त्रोतों की सफाई, पौधारोपण एवं जल संचयन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया जिससे स्थानीय समुदाय को जल संकट की समस्या से निपटने में मदद मिल सके।

### 108 कुण्डीय यज्ञ का शुभारंभ

**सागर, देशबन्धु।** श्री गुलाब बाबा भक्त मण्डल सागर द्वारा विश्व शांति, मानव कल्याण, सर्वत्र शांति के लिए 9 से 17 मई तक सागर में संजय ड्राईव रोड स्थित श्रीराम मंदिर प्रस्तावित भूमि रोज रेसीडेंसी के बाजू में 108 कुण्डीय श्री गुलाब बाबा अतिरूद्र यज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ काली कंबल वाले बाबा द्वारा नि:शुल्क आरोग्य शिविर का शुभारंभ कलश यात्रा, यज्ञ पूजन हवन आदि के साथ आरंभ हुआ। श्री गुलाब बाबा मंदिर सागर के ट्रस्टी किरण पारासरे मामाजी, अध्यक्ष डॉ भरत आनंद बाखले और व्यवस्था सहयोगी प्रमेंद्र गोलू रिछारिया ने बताया कि 108 कुण्डीय श्री गुलाबबाबा अति महारूद्र यज्ञ में देशभर से आये यज्ञाचार्यो, पंडितों द्वारा यज्ञ कार्य किया जा रहा है, जिसमें सनातनी हिंदू सपत्निक यज्ञ कार्य कर रहें है। समस्त यज्ञ सामग्री निशुल्क श्री गुलाब बाबा मंदिर ट्रस्ट उपल्ब्ध करा रहा है। इस यज्ञ के माध्यम से भारत एवं विश्व की शांति, मानव कल्याण, जटिल रोगियों को स्वास्थ्य लाभ, संतानहीन दंपति को संतान प्राप्ति के साथ मनुष्यों की सांसारिक, मानसिक, आर्थिक कष्टों के निवारण के लिए आहुतियां दी जा रहीं है। सागर के भक्तों के सहयोग से प्रतिदिन रूद्रि निर्माण सुबह 9.30 बजे से किया जा रहा है।

### रवींद्र नाथ जयंती पर हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम

**सागर, देशबन्धु।** कवि गुरु रविंद्रनाथ टैगोर जयंती पर बंगाली समाज द्वारा बंगाली काली बाड़ी गोपालगंज सागर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बंगाली समाज के लोगों द्वारा कविगुरु के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण किया गया। बंगाली समाज के लोगों द्वारा रवींद्र संगीत प्रस्तुत किया गया एवं उनके जीवनी पर उद्बोधन तथा चर्चा की गई। कार्यक्रम में बंगाली समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### खाद्य पदार्थ के जांच की मांग शहर में नकली पनीर की भरमार

**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा में खुले में पनीर की बिक्री की जा रही है। जो सिंथेटिक या मिलावटी होता है। कुछ स्थानीय दुकानदार आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहे है। खुले में बिक रहे पनीर में ना निर्माण की तारीख होती है और ना एक्सपायर की। जिस कारण दुकानदार खराब हो चुके पनीर को भी ग्राहकों के लिए टिका देते हैं। अभी तक पनीर विक्रेताओ पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। या फिर औपचारिक रूप से दुकानों का निरीक्षण किया जाता है। नगर में जगह-जगह पनीर और दूषित हो चुकी मिठाईयां खुलेआम बेची जा रही है विगत दिवस एक परिवार के सदस्यों को पनीर खानें से इंस्पेक्शन हों गया जिन्हें अस्पताल का सहारा लेना पडा शादी विवाह का सीजन चल रहा है जिससे पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री काफी ज्यादा बढ़ गई है ऐसे में दुकानदार नकली और मिलावटी वस्तुएं बेच कर नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं स्थानीय नागरिकों ने शीघ्र ही नगर की दुकानों की जांच करने की मांग की है।

### पाईप लाईन क्षतिग्रस्त, पेयजल की सप्लाई प्रभावित रहेगी

**सागर, देशबन्धु।** शहर के गिरधारीपुरम मेन रोड के पास पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गई है। जलप्रदाय शाखा द्वारा जानकारी दी गई है पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण 10 मई को संजय नगर, एमआईजी कॉलोनी, बसंत बिहार कालोनी, बालक हिल व्यू कॉलोनी, परमानंद कॉलोनी एवं राजीव नगर वार्ड की पेयजल की आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# हम नहीं सुधरेंगे... पहले 108 में खीचला-पापड़, अब लगुन लेकर पहुंची जननी एक्सप्रेस

## डिप्टी सीएम ने कहा... यह नियम विरुद्ध, ब्लैक लिस्ट करने का प्रावधान



**सागर, देशबन्धु।** जिले की रहली विधानसभा के शाहपुर में बीते दिनों मरीज को रेफर करने के लिए बुलाई गई एंबुलेंस में खींचना और पापड़ पाए गए जिससे मरीज को अस्पताल ले जाने में देर हुई इस मामले में प्रशासन द्वारा एंबुलेंस चालक की सेवाएं समाप्त की गई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले को अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ और एक बार फिर रहली के पंडरपुर में एक लगुन समारोह में तीन जनन एक्सप्रेस सवारियां लेकर पहुंची जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मामले की जांच कराई जा रही है, जांच बाद कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक सागर जिले के रहली के पंडलरपुर में बुधवार रात आयोजित एक लगुन समारोह में जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस सवारियां लेकर पहुंची। कार्यक्रम के बाहर तीन एंबुलेंस गाड़ियां खड़ी रही। जननी एक्सप्रेस दमोह जिले की थी। मामले का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ जिसके बाद शुक्रवार को प्रशासन हरकत में आया। दमोह जिले में जननी एक्सप्रेस के ड्राइवर को नोटिस जारी किए गए। जानकारी के मुताबिक दमोह जिले के पिपरिया ग्राम से रहली के पंडरपुर क्षेत्र में लगुन आई थी जिसमें तीन जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस में सवारियां लाई गई थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक जननी एक्सप्रेस के ड्राइवर के रिश्तेदार के घर शादी थी जिसके चलते जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस लगुन समारोह में लाई गई थी। गौरतलब है कि जननी एक्सप्रेस मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओ को अस्पताल लाने-ले जाने के लिए है जबकि 108 एंबुलेंस सभी प्रकार के आपातकालीन चिकित्सा मामलों के लिए उपलब्ध है लेकिन नियम विरुद्ध संचालन करने के आरोप पहले भी लग चुके हैं। इन एम्बुलेंस में कई बार सवारियां ढोने के अलग-अलग जिलों से मामले सामने आए हैं लेकिन लगातार मॉनिटरिंग ना होने के चलते इस तरह के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। गुरुवार को डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला सागर प्रवास पर रहे। एंबुलेंस की अनियमितता को लेकर मीडिया कर्मियों ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि यह नियम विरुद्ध है जिस काम के लिए जिसको लगाया गया है यदि वह उसे हटकर कोई काम करता है तो कड़ी पेनल्टी टर्मिनेशन ब्लैक लिस्ट करने के प्रावधान है। मॉनिटरिंग लगातार होती रहती है यदि ऐंसा कोई विषय आया है तो मैं पता करता हूं उसमें क्या कार्रवाई हुई है।

# लगुन कम लाने पर लड़के वालों ने लड़की वालों के साथ की मारपीट

## बारात लाने से किया इंकार, लड़की रोते हुए पहुंची एसपी कार्यालय



**सागर, देशबन्धु।** मकरोनिया थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 में एक परिवार में शादी की तैयारी चल रही थी खुशी का माहौल था, रिश्तेदार भी आ गए थे, गुरुवार रात को लड़की पक्ष के लोग लगुन लेकर पथरिया हाट गए। खाना-पीना हुआ उसके बाद लगुन की तैयारी चल रही थी। लड़की पक्ष लगुन में एक पल्सर गाड़ी, 12 हजार नगद व परिवारजनों को कपडे लेकर गए लेकिन दहेज लोभी लड़के के परिवार जनों को लगुन कम लगी और लड़की पक्ष के साथ गाली गलौज एवं मारपीट कर दी और बारात लाने से भी इंकार कर दिया। जिसके बाद लड़की हाथों में मेहंदी लगाए रोते हुए परिवार के साथ शुक्रवार शाम 4 एसपी ऑफिस पहुंची जहां पुलिस अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक मकरोनिया के वार्ड क्रमांक 16 में रहने वाले अहिरवार परिवार में लड़की की शादी थी और शुक्रवार को बारात आनी थी लेकिन लगुन में रूपये कम लाने की बात से नाराज होकर लड़के वालो ने बारात लाने से इंकार कर दिया जिसके बाद लड़की अपने परिजनों के साथ एसपी ऑफिस पहुंची लड़की ने एक लिखित आवेदन दिया है जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि पथरिया हाट के रहने वाले हेमराज उर्फ हेमंत अहिरवार के बेटे राजा अहिरवार उम्र 22 साल के साथ शादी तय हुई थी। गुरुवार को परिवार के लोग लगुन लेकर गए, जिसमे एक पल्सर गाड़ी12 हजार नगद और परिवार जनों को कपड़े दिए लेकिन लड़के पक्ष ने लगुन कम लाने की बात कहकर गाली गलौज करने लगे और लड़की के भाई राजा और उसके रिश्तेदारों के साथ साथ मारपीट की जिसकी शिकायत मोतीनगर थाने में भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं शुक्रवार को लड़के पक्ष ने बारात लाने से इंकार कर दिया। मामले में लड़की और परिवार जनों ने मामले की जांच कर दहेज लोभियो पर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

# नवीन नगर निगम कार्यालय में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 5 करोड़ स्वीकृत



**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधायक शैलेंद्र जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के अनुरोध पर नगर निगम कार्यालय के नवीन भवन में फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरे, पार्टीशन सहित आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने भोपाल प्रवास के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सीरोठिया के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भेंटकर पत्र सौंपकर नगर निगम कार्यालय के नवीन भवन में फर्नीचर व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, पार्टीशन सहित अन्य आवश्यक कार्य किया जाने के लिए 5 करोड़ रुपए की मांग की थी। निगम अध्यक्ष ने बताया कि 5 करोड़ रुपए की इस राशि से नवीन कार्यालय भवन में फर्नीचर व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे तथा सभाकक्ष में तथा सभी शाखाओं में पर्याप्त फर्नीचर व्यवस्था पार्टीशन के साथ ही सभी आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

# बोर्ड परीक्षा में सहजपुर स्कूल की छात्राओं का उत्कृष्ट परिणाम



**केसली, देशबन्धु।** मप्र शिक्षा मण्डल के वार्षिक परीक्षा परिणामों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सहजपुर में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया। कक्षा 10 वीं और 12 वीं दोनों में ही कक्षाओं में छात्राएं पहले पायदान पर रही। कक्षा 10 वी में ओमशी चौरसिया ने 500 में से 446 अंक प्राप्त कर 89.2 प्रतिशत के साथ स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में निधि दुबे ने 500 में से 436 अंक लेकर 87.2 प्रतिशत के साथ शाला में पहला स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 10 वीं में 5 व 12वीं में 8 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित किए। स्कूल प्राचार्या राजेश्वरी ठाकुर ने बताया कि विद्यालय के सभी बच्चो व शिक्षकों ने बहुत मेहनत की थी जिसके चलते वार्षिक परीक्षा परिणाम में विगत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है। हम आगे और बेहतर करने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर परिजनों व शाला परिवार ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बरात में आए युवक को ट्रक ने रौंदा, परिजनों ने किया चक्काजाम

**सागर, देशबन्धु।** शादी की खुशिया उस वक्त मातम में बदल गयी जब एक बाराती को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमे युवक की जान चली गयी। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने हाइवे पर जाम लगा दिया जो ढाई घंटे तक जारी रहा। दरसअल, जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र के सागर-भोपाल रोड के बेरखेड़ी सड़क पर एक सड़क दुर्घटना हुई जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात बेरखेड़ी में लालचंद अहिरवार की बेटी की बारात ईशरवारा से आई थी और परिजन बारात के स्वागत में व्यस्त थे। इसी दौरान 24 साल का कमल लोधी सड़क किनारे खड़ा था तभी तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 34 एमएच 6686 ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने हाइवे पर जाम लगा दिया जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहतगढ़ एसडीओपी तहसीलदार और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया। मृतक के परिजनों के पहुंचने पर शव को राहतगढ़ भेजा गया और जाम खुलवाया गया। रात होने के कारण शव को मर्चरी में रखवा दिया गया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम और पंचनामा के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ट्रक को जप्त कर थाना परिसर में रखा गया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# जैसीनगर में सामूहिक विवाह सम्मेलन 14 को, जिपं अध्यक्ष ने दिशा निर्देश दिए



**जैसीनगर, देशबन्धु।** आगामी 14 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जैसीनगर के ब्लॉक ग्राउंड में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारियो के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने शुक्रवार को बड़े महादेव मंदिर परिसर में अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीराम सोनी ने विवाह सम्मेलन की तैयारी की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत को दी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने विवाह सम्मेलन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर सभी को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी। अधिकारियों को निर्देशित किया कि विवाह सम्मेलन में वर वधु पक्ष व आने वाले सभी अथितियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं जाना चाहिए। गर्मी को देखते हुए विवाह पंडाल में बड़ी संख्या में कूलर पंखे, ठंडा पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने विवाह सम्मेलन स्थल का निरीक्षण किया और जैसीनगर मे 8 करोड रुपए की लागत से बन रहे ऑडिटोरियम भवन का भी निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों और ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता के साथ कार्य को करने के निर्देश दिए।

# लापरवाह उपार्जन समितियां एवं स्व-सहायता समूह को ब्लैक लिस्ट करें

## कलेक्टर ने की उपार्जन की समीक्षा




**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने शुक्रवार को उपार्जन की बिंदुवार समीक्षा की। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग, ज्योति बघेल, राजेश त्रिपाठी सहित अन्य उपार्जन समिति के सदस्य मौजूद थे। कलेक्टर ने उपार्जन समिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन करने वाले किसानों का भुगतान तत्काल स्वीकृत करें एवं उपार्जन किए गए गेहूं का परिवहन भी तत्काल करें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार मसूर, चना का उपार्जन गुणवत्तायुक्त ही किया जावे, गुणवत्ता में कमी होने पर खरीदी न करें। उन्होंने कहा कि जिन लापरवाह उपार्जन समितियां एवं स्व सहायता समूह जिन्होनें गेहूं उपार्जन में लापरवाही की है उनको तत्काल ब्लैक लिस्ट करें जिससे कि वह आगे उपार्जन का कार्य न कर सके।

कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि इसी प्रकार राशन लेने वाले हितग्राही की ई-केवाईसी तत्काल कराएं जिससे कि उनको एक जून से राशन उपलब्ध हो सके। बगैर ई-केवाईसी वालों को 1 जून से राशन उपलब्ध नहीं होगा। ई-केवाईसी की अंतिम तारीख 31 मई है। उन्होंने कहा कि राशन प्राप्त करने वाले हितग्राही पीओएस मशीन के अंतर्गत ई केवाईसी के विकल्प के रूप में मेरा ई केवाईसी एप के माध्यम से स्वयं ही ई केवाईसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस हितग्राही की मृत्यु हो गई है या जिनकी दो बार नाम आ रहे हैं उनको विलोपित किए जाएं। कलेक्टर ने बताया कि सागर जिले में 1882979 सदस्य है जिनमें से 1490280 लोगों की ई केवाईसी की जा चुकी है। अभी भी 392699 लोग बाकी हैं जिनकी ई केवाईसी की जाना है। उन्होंने निर्देश दिए है कि ई केवाईसी शिविर लगाए जिससे कि सभी की ई केवाईसी समय सीमा में की जा सके।

# धामोनी बाले बाबा की दरगाह पर पेश की गई संदली चादर, शुरू हुई कव्वाली



**सागर, देशबन्धु।** कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मोहम्मद इश्हाक बली शामी उर्फ बाबा बालजति शाह रह.अलैह धामौनी वाले बाबा के 09 से 11 मई तक सम्पन्न होने वाले तीन दिवसीय सालाना उर्स के पहले दिन शुक्रवार को बाद नमाज जुमा के धामौनी दरगाह प्रबंध कमेटी,उर्स कमेटी के द्वारा तहसीलदार बण्डा और प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर के साथ बाबा के श्रद्धालुओं और अकीदतमंदो के द्वारा पूरी श्रद्धा और गरिमा के साथ बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश की जाकर नाते पाक, सलाम पेश किया जाकर प्रसाद का वितरण किया गया। बाबा की दरगाह पर संदली चादर पेश होने के साथ ही तीन दिवसीय सालाना उर्स प्रारम्भ हुआ और बाद नमाज इशा मीलाद शरीफ हुई। दरगाह प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धामौनी वाले बाबा के सालाना उर्स का कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक एवं उर्स कमेटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। शनिवार की रात 9 बजे कव्वाली प्रोग्राम का उद्घाटन अतिथिगणों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

# बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए ब्राइटर माइंड कार्यक्रम का आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्राइटर माइंड कार्यक्रम का शुभारंभ 4 मई से पीटीएस मकरोनिया सागर में किया गया है। यह कार्यक्रम 11 मई तक संचालित किया जाएगा। आयोजन कान्हा शांति वनम हैदराबाद द्वारा किया गया है जो कि हार्टफुलनेस संस्थान के दिशा निर्देशन में चल रहा है। इस पहल में पुलिस मुख्यालय भोपाल की आईजी प्रशासन रुचि वर्धन और मध्यप्रदेश के जोनल इंचार्ज गजेन्द्र गौतम का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के आयोजक पीयूष ठाकुर ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाना है जिससे वे न केवल पढ़ाई में बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। इस कार्यक्रम के प्रमुख मार्गदर्शक पीटीएस के टीआई अफरोज खान रहे जबकि संरक्षक की भूमिका प्रतिभा शांडिल्य जेडसी संभागीय प्रभारी ने निभाई। कार्यक्रम के सह आयोजक प्रधान आरक्षक हरपाल सिंह ठाकुर रहे जो मकरोनिया थाने में पदस्थ हैं और आयोजक पीयूष ठाकुर के पिता भी हैं। इस अवसर पर चंद्रशेखर पटेल एवं रणवीर ठाकुर सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण भी उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत आज, अधिभार में मिलेगी छूट

**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में 10 मई को जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में निम्नदाव श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को अधिभार में छूट दी जाएगी। इसी प्रकार नगर निगम के करदाताओं को संपत्ति कर एवं जलकर की बकाया राशि के अधिभार में भी छूट प्रदान की जाएगी। करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम कार्यालय में कर जमा करने के लिए कैश काउंटर पर समुचित व्यवस्था की जाएगी।

# बण्डा में नगदी का संकट गहराया: बैंकों में 30 हजार से ज्यादा नहीं मिल रहे

## शादी-ब्याह और इलाज के लिए भटक रहे लोग

● दिनेश सिंह लोधी




**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों बैंकों में नगदी की भारी किल्लत बनी हुई है। हालात यह हैं कि बैंकों में ?30,000 से अधिक की नकदी नहीं मिल रही। शादी-विवाह, लगुन, इलाज और खेती से जुड़ी जरूरतों के लिए लोग लगातार बैंकों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

बण्डा के भारतीय स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक समेत अन्य प्रमुख बैंकों में रोज सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं। कोई बेटी की शादी के लिए पैसा निकालने आया है, तो कोई बीमार परिजन की दवा के लिए कुछ किसानों को भी खरीदी केंद्रों से फसल का भुगतान मिल चुका है, लेकिन बैंकों में नकद नहीं होने से उन्हें भुगतान नहीं मिल पा रहा।

**प्रशासन और बैंक प्रबंधन से हल की मांग:** लोगों ने जिला प्रशासन और बैंक प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द नगदी संकट का समाधान किया जाए, ताकि विवाह, इलाज और अन्य आवश्यक कार्यों में कोई बाधा न आए।

### नकदी का संकट, स्टाफ भी दबाव में : शाखा प्रबंधक

भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक ने बताया कि मुख्यालय से पर्याप्त नगदी नहीं मिल रही है, जिस कारण सभी उपभोक्ताओं को सीमित राशि दी जा रही है। बैंक कर्मियों पर भी उपभोक्ताओं का दबाव बढ़ता जा रहा है। किसान चंदन सिंह ने बताया, दो दिन से बैंक आ रहा हूं, बेटी की शादी है। लेकिन 30,000 से ज्यादा नहीं दे रहे। बाकी पैसों के लिए अगली तारीख बता रहे हैं।

### नगर निगम में 13 मई से शुरू होगी जनसुनवाई

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश अनुसार नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा सागर नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नगर निगम कार्यालय नवीन भवन के प्रथम तल पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त द्वारा 13 मई से आयोजित जनसुनवाई में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने सभी शाखाओं को निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त की अनुपस्थिति में जनसुनवाई कार्यक्रम के लिए उपायुक्त एसएस बघेल एवं कार्यपालन यंत्रीविजय दुबे को लिंक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।